26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026

अंक- 284 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# नीट पेपर लीक साजिश महीनों पहले हुई

## एनटीए एक्सपर्ट्स पेपर तैयार करते समय सवाल याद कर लेते थे, छात्रों तक वॉट्सएप-टेलीग्राम से पहुंचा देते थे

नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। नीट-यूपी 2026 पेपर लीक की साजिश परीक्षा से कई महीने पहले रची गई थी। सीबीआई ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल 94 पेज की चार्जशीट में यह दावा किया है। जांच एजेंसी के मुताबिक, एनटीए के एक्सपर्ट्स ने पेपर तैयार करने के दौरान ही सवाल याद कर लिए थे। सीबीआई चार्जशीट 28 जुलाई को दाखिल की गई थी, जिसकी जानकारी आज सामने आई। चार्जशीट के मुताबिक, एक्सपर्ट्स एनटीए ऑफिस से होटल लौटकर याद किए गए सवाल पर्चियों पर लिखते थे। इसके बाद इन्हें बिचौलियों और कोचिंग नेटवर्क के जरिए छात्रों तक पहुंचाया जाता था। सीबीआई का दावा है कि लीक पेपर टेलीग्राम, वॉट्सएप, पीडीएफ और अन्य डिजिटल माध्यमों से भी फैलाए गए। सीबीआई ने इस मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इनमें एनटीए के तीन एक्सपर्ट्स भी शामिल हैं। एजेंसी का आरोप है कि तीनों ने पेपर तैयार करने और मॉडरेशन के दौरान अपने पद का दुरुपयोग कर पेपर लीक किए। सीबीआई चार्जशीट के मुताबिक, नीट पेपर लीक किसी एक व्यक्ति की हरकत नहीं थी, बल्कि एनटीए एक्सपर्ट्स, प्राइवेट कोचिंग संचालकों, बिचौलियों और कुछ छात्रों की मिलीभगत से रची गई एक प्री-प्लान्ड साजिश थी। एजेंसी के अनुसार, कोचिंग संचालकों और बिचौलियों ने परीक्षा से कई महीने पहले ही एनटीए के तीनों एक्सपर्ट्स से संपर्क कर लिया था। इनके बीच लगातार बातचीत, मुलाकातों और पैसों के लेन-देन हुआ था।

# करोड़ों की संपत्ति के मालिक अनिल कुमार सोती की संदिग्ध मौत

## चेहरे पर मिले चोट के निशान, हत्या की आशंका

बिजनौर ( चिंगारी )। यहां नूरपुर रोड सोतियों के बाग में रहने वाले 82 वर्षीय अनिल कुमार सोती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव बाग के अंदर स्थित उनके आवास में पड़ा मिला। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मृतक अनिल कुमार करोड़ों की जायदाद के मालिक थे। वे नूरपुर रोड स्थित अपने बाग में अकेले रहते थे। यह बाग सोतियों वाले बाग के नाम से मशहूर है। अनिल कुमार सोती अविवाहित थे। आज सुबह उनका शव बाग में उनके आवास में पड़ा मिला। मृतक के चेहरे पर चोट के निशान हैं। परिजन व स्थानीय लोग उनकी हत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

बताया जाता है कि अनिल कुमार सोती का अपने सगे भतीजे गौरव से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। यह विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। आज इस मामले में तारीख़ भी थी। सूत्रों के अनुसार गौरव ने लगभग 14 बीघा जमीन का करीब 22 करोड़ रुपये में एग्रीमेंट किया था। उसने लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये अग्रिम राशि भी प्राप्त कर ली थी। इस भूमि का बंटवारा (खाता तक़सीम) नहीं हुआ था, जिसको लेकर परिवार में विवाद बना हुआ था।

परिजनों और स्थानीय लोगों का कहना है कि अनिल कुमार सोती पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने अपनी जान को खतरा बताते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी दर्ज कराई थी।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार सोती परिवार में चार भाई थे। इनमें अनिल कुमार सोती और सुनील कुमार सोती अविवाहित थे, जबकि अरुण कुमार सोती का विवाह हुआ था, लेकिन उनकी कोई संतान नहीं थी। सबसे बड़े भाई अश्वनी कुमार सोती का पुत्र गौरव है, जिनका जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। सीओ सिटी का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने व जांच के बाद ही मौत के कारणों के संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।









# छोटे व्यापारी को चैकिंग के नाम पर परेशान न करें अधिकारी



## एडिशनल कमिश्नर से मिला व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान नजीबाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी कार्यालय पर पहुंचकर युवा प्रदेश अध्यक्ष संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में नव नियुक्त एडिशन कमिश्नर सचल दल जीएसटी विभाग दानुष बंसल से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें संगठन की ओर से पटका पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी व्यापारियों का परिचय कराया गया। व्यापारी प्रतिनिधिमंडल की ओर से कई मांगें रखी गई। गांव, देहात के जो छोटे व्यापारी शहर के अंदर महीना 15 दिन में एक बार आकर 10-20 अलग-अलग दुकानों से अपनी जरूरत का थोड़ा-थोड़ा सामान्य इकट्ठा कर टेंपो, या रिक्शा में अपने गांव ले जाते हैं। विभाग द्वारा उन छोटे दुकानदारों को चेकिंग के नाम पर परेशान ना करें। अधिकारी ने व्यापारियों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। सभी व्यापारियों से जीएसटी में रजिस्ट्रेशन करने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रजिस्टर्ड व्यापारियों के लिए 10 लाख का दुर्घटना बीमा सरकार की ओर से रखा गया है। व्यापारी प्रतिनिधि मंडल द्वारा भी जीएसटी विभाग को राजस्व बढ़ाने में पूर्ण सहयोग देने का वादा किया गया। व्यापारी प्रतिनिधिमंडल में युवा प्रदेश अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, संरक्षक उमापति गर्ग, अनिल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विशाल रंजन वैश्य, नगर अध्यक्ष कमल बंधु, नगर महामंत्री अनुज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय चोपड़ा, मंत्री शक्ति गर्ग, आलम, शौर्य अग्रवाल, शादान, अंश अग्रवाल, संजय राजपूत, सभासद राकेश प्रजापति आदि व्यापारी शामिल है।

# बिजनौर से नई दिल्ली के लिये ट्रेन चलाने की मांग



## सांसद चंदन चौहान ने रेल मंत्री से मुलाकात कर बिजनौर लोकसभा में रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग उठाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंदन चौहान ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार एवं यात्री सुविधाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान सांसद चंदन चौहान ने क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांगों को रेल मंत्री के समक्ष रखते हुए बिजनौर से नई दिल्ली के लिए एक नई ट्रेन चलाए जाने की मांग की। सांसद ने मांग रखी कि यह ट्रेन प्रातः बिजनौर से नई दिल्ली के लिए रवाना हो तथा शाम के समय नई दिल्ली से बिजनौर के लिए वापसी करे, ताकि बिजनौर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को दिल्ली आने-जाने में बेहतर सुविधा मिल सके। इससे व्यापारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं आम यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। इसके साथ ही सांसद ने बिजनौर से मुरादाबाद के बीच एक नई ट्रेन संचालित किए जाने की मांग भी रेल मंत्री के समक्ष रखी, जिससे बिजनौर क्षेत्र का मुरादाबाद सहित अन्य महत्वपूर्ण शहरों से रेल संपर्क और अधिक सुगम हो सके।

सांसद चंदन चौहान ने बिजनौर-हस्तिनापुर प्रस्तावित रेलमार्ग की वर्तमान स्थिति एवं इस परियोजना को आगे बढ़ाने के संबंध में भी रेल मंत्री से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को देखते हुए इस महत्वपूर्ण रेल परियोजना में तेजी लाने का आग्रह किया।बैठक के दौरान बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में प्रस्तावित फ्लाईओवरों की वर्तमान स्थिति, स्वीकृति एवं निर्माण की प्रक्रिया को लेकर भी रेल मंत्री के साथ विस्तार से वार्ता की गई। सांसद ने क्षेत्र में यातायात की बढ़ती समस्या को देखते हुए प्रस्तावित फ्लाईओवरों के कार्य को शीघ्र आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। सांसद ने कहा कि वह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं एवं विकास से जुड़े मुद्दों को लगातार केंद्र सरकार के समक्ष उठाते रहेंगे और क्षेत्र में बेहतर रेल एवं सड़क कनेक्टिविटी सुनिश्चित कराने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि विजय चौहान ने बताया कि सांसद श्री चौहान बिजनौर लोकसभा के विकास के लिए सदैव प्रयासरत एवं वचनवद्ध है।

## भगवान शिव की महिमा व भक्तों के कल्याण के रहस्यों पर प्रकाश डाला



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** शिव महापुराण कथा के छठवें दिन शिवभक्तों की भारी उपस्थिति के बीच कथा का विश्राम हुआ, जिसमें व्यासपीठ से कथावाचक पंडित अमित कौशिक ने भगवान शिव की महिमा व भक्तों के कल्याण के रहस्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि महादेव का चरित्र त्याग, कल्याण व सहज भक्ति का प्रतीक है। सच्चे मन से जल चढ़ाने मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। कथा के दौरान पंडाल हर-हर महादेव व ओम नमः शिवाय के जयकारों से गूंजता रहा। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। छठे दिन के अंत में आरती, पूजन व पुष्पवर्षा के साथ कथा को विश्राम दिया गया। समिति के अनुसार, कथा के समापन के उपलक्ष्य में शुक्रवार सुबह हवन-पूजन व महाप्रसाद (भंडारे) का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने हिस्सा लेकर धर्म-लाभ कमाया।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट    कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

जब अस्पताल की चौखट पर दम तोड़ने लगे भरोसा ( पेज 4 )



# बारिश से ग़रीब मजदूर के कच्चे मकान की छत गिरी



**शेरकोट ( चिंगारी )।** बीते दो दिन से रूक-रूककर हो रही बारिश चलते एक गरीब मजदूर के कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर जाने से हजारों रुपए का नुक़सान हो गया। घटना के समय परिवार के सदस्य मकान से बाहर होने से बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर गांवड़ी निवासी मौ. जाकिर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कच्चे मकान में रहते हैं। मकान की छत कड़ियों की बनी हुई थी। परिजनों ने बताया कल दोपहर तेज बारिश होने पर मकान की कड़ियों से बनी छत अचानक भरभराकर गिर गई। बताया जाता है कि जिस समय ये घटना हुई, गनीमत रही कि उस समय मकान के अंदर कोई नहीं था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। परिजनों का कहना है कि छत गिरने से कमरे में रखा हजारों रूपए का सामान खराब हो गया। बताया जाता है कि मौ. जाकिर की आर्थिक स्थिति कमजोर है,वह मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार की गुजर-बसर करता है। घटना के बाद पीड़ित ने अपना सामान दूसरे कमरे में रख लिया है। घटना की सूचना पर हल्का लेखपाल नीरज कुमार ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया। लेखपाल का कहना है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। मकान स्वामी को मुआवजा दिलाने हेतु जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# कार और बस टकराई, एक के चोट आई




**शेरकोट ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार की शाम नेशनल हाईवे पर कार और रोडवेज बस की आमने-सामने से हुई टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में कार चालक मामूली रूप से घायल हो गया।

जानकारी के मुताबिक कल शाम शेरकोट के मुहल्ला खुराड़ा निवासी ज़ुबैर अहमद कार में सवार होकर हरेवली चौराहे से चुंगी नंबर पांच की तरफ जा रहे थे। जब ये रामसहायवाला की चुंगी के पास पहुंचे तो अफजलगढ़ की ओर से आ रही अनियंत्रित हुई रोडवेज बस की कार से टक्कर हो गई। जिससे कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कार सवार ज़ुबैर चोटिल हो गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए वन-वे चल रहे हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया। बस चालक का कहना है कि स्टेरिंग जाम होने से बस अनियंत्रित होने के कारण ये घटना हुई। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है।

# गुरु हरकिशन साहिब का प्रकाश पर्व मनाया

**खासपुरा ( चिंगारी )।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा गुरु नानक चौक, उमरी बड़ी सिंह सभा, न्यू गुरुद्वारा सिंह सभा मेन रोड खासपुरा के गुरुद्वारे में सिखों के सातवीं पातशाही, धन-धन श्री गुरु हरकिशन साहिब जी का पावन प्रकाश पर्व श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दो दिन पूर्व श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया गया था। आज विधिवत श्री अखंड पाठ साहिब के भोग डाले गए। इसके उपरांत गुरु घर के वजीर हरचरण सिंह, भूपेंद्र सिंह नीटू द्वारा गुरबाणी कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने उपस्थित होकर गुरु घर की हाजिरी भरी तथा गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया।






**भली लगे या बुरी ...**

## भारत का दवा बाज़ार

देश की स्वास्थ्य सेवाएं पंगु होती जा रही है, यह एक कड़ुवी सच्चाई है। इससे जुड़े तमाम पहलू आज भी सरकार के लिए चुनौती का सबब बने हुए हैं। तकरीबन सभी लोगों को जीवन में कभी न कभी दवाओं का सेवन करना पड़ता है, लेकिन देश में 45 वर्ष से अधिक उम्र के अधिकांश लोग नियमित दवाओं के सेवन को मजबूर हैं। कहना गलत नहीं होगा कि दवाइयों के बाजार का सबसे बड़ा उपभोक्ता वर्ग भारत में ही निवास कर रहा है। भारत में न तो बीमारों की कमी है और न ही बीमारियों का अभाव है। स्वास्थ्य के मोर्चे पर बदहाली के दंश से जूझ रहे देश को अगर स्वस्थ रहने के लिए सबसे ज्यादा किसी चीज की दरकार है तो वह  है दवाइयां। किसी भी व्यक्ति द्वारा स्वास्थ्य पर किए गए खर्च के मामले में चिकित्सालय एवं चिकित्सक दूसरी वरीयता पर आ चुके हैं, क्योंकि एक सरकारी आंकड़े के अनुसार मरीज द्वारा इलाज पर किए गए कुल खर्च का 72 फीसद हिस्सा केवल दवाइयों पर जाता है। ऐसे में दवाइयों के कारोबार को एक बड़े स्तर का उद्योग कहना गलत नहीं होगा। वैसे तो स्वास्थ्य जैसे विषय से जुड़ी जरूरतों को व्यापार के तराजू पर तौल कर देखना ही बड़ा आर्श्चयजनक लगता है, लेकिन जिस तरह से दवाओं का बाजार भारत में खड़ा हुआ है वह निश्चित तौर पर चौंकाने वाला है। भारत में दवाओं का वर्तमान बाजार लगभग एक लाख करोड़ के आसपास का है जिसमें मात्र चार सौ करोड़ के बाजार पर सरकारी कंपनियों की हिस्सेदारी है। इस हिसाब से अगर देखें तो भारतीय दवा बाजार के कुल कारोबार में सरकार द्वारा संचालित दवा कंपनियों की हिस्सेदारी 0.7 फीसद से भी कम है। सरकारी दवा कंपनियों की यह नाम मात्र की हिस्सेदारी निश्चित तौर पर हतप्रभ करने वाली है। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त है कि भारतीय दवा बाजार पूरी तरह से निजी कंपनियों के शिकंजे में आ चुका है और दवा बनाने से लेकर मूल्य निर्धारण तक में उन निजी कंपनियों का वर्चस्व कायम है।

# कांवड़ यात्रा और बेरोजगार युवाओं का मुद्दा

## आस्था और अवसर के बीच का अंतर



-प्रियंका सौरभ

हर साल श्रावण के पवित्र महीने में उत्तर भारत की सड़कें केसर से भर जाती हैं, क्योंकि लाखों कांवड़ियां कांवड़ यात्रा में भाग लेते हैं। वे हरिद्वार और गंगोत्री जैसे तीर्थ स्थलों से पवित्र गंगाजल लेकर सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलकर भगवान शिव को अर्पित करते हैं। यह भक्ति, अनुशासन, सहनशीलता और सामूहिक आस्था का एक अद्‌भुत उदाहरण है। इन तीर्थयात्रियों में युवाओं की संख्या काफी अधिक होती है। उनका उत्साह और शारीरिक शक्ति भारत के युवाओं की अपार ऊर्जा का प्रमाण है। हालांकि, इन युवा तीर्थयात्रियों के साथ एक बड़ा सवाल उठता है। इनमें से कितने लोग साल के बाकी समय में नौकरी की तलाश करते हैं और एक स्थिर भविष्य बनाने की कोशिश करते हैं? यह धार्मिक आस्था का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक मुद्दों में से एक के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक तरीका है। आस्था मन को पोषण देती है और रोजगार गरिमा, सुरक्षा और उद्देश्य प्रदान करता है। युवाओं को इन दोनों में से किसी एक को चुनने के लिए कहना राष्ट्र की समस्या नहीं है, बल्कि समस्या का एक ऐसा वातावरण विकसित करना है, जिसमें आस्था और अवसर सामंजस्यपूर्ण ढंग से एक साथ मौजूद हों।

भारत में युवाओं की आबादी काफी अधिक है। इस जनसांख्यिकीय लाभ को देश की ताकत के रूप में देखा जाता है। हर साल लाखों युवा स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय से लाभकारी रोजगार की आशाओं और सपनों के साथ निकलते हैं। वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, अनेक नौकरियों के लिए आवेदन करते हैं और भर्ती सूचनाओं का इंतजार करते हैं। बड़ी संख्या में लोगों के पास डिग्री तो है, लेकिन या तो उनके पास नौकरी नहीं है या वे अंशकालिक रूप से काम करते हैं। यह केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि इसके मनोवैज्ञानिक और सामाजिक प्रभाव भी हो सकते हैं। बेरोजगारी आत्मविश्वास को कम कर सकती है, आर्थिक स्वतंत्रता में देरी कर सकती है, परिवारों पर दबाव बढ़ा सकती है और कुछ मामलों में निराशा और हताशा का कारण बन सकती है। कांवड़ यात्रा इस पीढ़ी से जुड़ी है, जो सबसे युवा पीढ़ियों में से एक है। ये लोग गांवों, कस्बों और शहरों से आते हैं। इनमें छात्र, किसानों के बच्चे, दिहाड़ी मजदूर, युवा पेशेवर और बेरोजगार स्नातक शामिल हैं। तीर्थयात्रा में उनकी भागीदारी उनके अपने विश्वास और संस्कृति का प्रतीक है। इसलिए यह कहना कि बेरोजगारी लोगों को धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित करती है या धार्मिक यात्राएं बेरोजगारी का कारण बनती हैं, सरल और अनुचित होगा। ये धारणाएं गलत हैं, क्योंकि ये सामाजिक व्यवहार की जटिलता और आर्थिक वास्तविकताओं को ध्यान में नहीं रखती हैं। हालांकि, यह एक दिलचस्प विरोधाभास है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलने वाले युवा जिस दृढ़ संकल्प और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हैं, वह अनुकरणीय है और उनमें वह अनुशासन, सहनशीलता और प्रतिबद्धता भी है जो किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए आवश्यक है। शिक्षा, नवाचार, उद्यमिता, विनिर्माण, वैज्ञानिक अनुसंधान और रोजगार के क्षेत्रों में यदि समान अवसर उपलब्ध हों, तो यह विशाल मानव संसाधन भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़े प्रेरकों में से एक हो सकता है। न केवल पर्याप्त नौकरियां उपलब्ध नहीं हैं, बल्कि स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा और श्रमिकों की अपेक्षाओं के बीच भी एक बड़ा अंतर है। आवश्यक कौशल रखने वाले स्नातकों के लिए भी रोजगार के अवसर अक्सर सीमित होते हैं, और उद्योगों में कुशल श्रमिकों की कमी है। यह विरोधाभास मानव संसाधन आवश्यकताओं और शिक्षा प्रणाली के बीच असंतुलन को दर्शाता है। इसलिए स्कूलों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ कौशल, आलोचनात्मक सोच, डिजिटल साक्षरता और उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षणों पर भी ध्यान देना होगा।



केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने कौशल विकास, स्वरोजगार, स्टार्टअप इकोसिस्टम, विनिर्माण और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कई पहल और नीतियां शुरू की हैं। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप कई युवाओं को नये अवसर मिले हैं। लेकिन, भारत की विशाल युवा आबादी को देखते हुए, अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। केवल नीतियां इस समस्या का समाधान करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। लेकिन समाज का भी एक कर्तव्य है। कई परिवारों में सरकारी नौकरी पाना ही सफलता का मुख्य मापदंड बना हुआ है। आधुनिक अर्थव्यवस्था में सरकारी नौकरी के कई विकल्प मौजूद हैं और उन सभी पर विचार करना चाहिए। अर्थव्यवस्था के नये क्षेत्र रोजगार सृजित कर रहे हैं, विशेष रूप से उद्यमिता, डिजिटल सेवाएं, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि व्यवसाय, पर्यटन, रचनात्मक उद्योग और प्रौद्योगिकी आधारित कंपनियां। किशोरों को इन अवसरों पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, न कि केवल 'सामान्य' अवसरों पर।

## यक्ष प्रश्न (यक्ष-युधिष्ठर संवाद)

**महाभारत के 'वन पर्व' में यक्ष-युधिष्ठिर संवाद एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण प्रसंग है। इस संवाद को 'यक्ष प्रश्न' के नाम से जाना जाता है, जो आज भी जीवन के गूढ़ रहस्यों को समझने के लिये प्रासंगिक माना जाता है। जब पांडव वनवास के दौरान प्यास से व्याकुल थे, तब एक जलाशय पर यक्ष ने उनकी परीक्षा ली थी। यहां यक्ष द्वारा पूछे गए कुछ मुख्य प्रश्न और युधिष्ठिर द्वार दिए गए उत्तरों का संक्षिप्त विवरण है:-**



प्रश्न 1 :- सूर्य को कौन उदित करता है?
उत्तर :- सूर्य को ब्रह्मा उदित करते हैं।
प्रश्न 2 :- मनुष्य प्रश्न 'श्रोत्रिय' (विद्वान) कैसे बनता है?
उत्तर :- वेदों के अध्ययन (श्रुति) से।
प्रश्न 3 :- पृथ्वी से भारी क्या है?
उत्तर :- माता, जो संतान को गर्भ में धारण करती है।
प्रश्न 4 :- आकाश से ऊंचा कौन है?
उत्तर :- पिता का स्थान आकाश से भी ऊंचा है।
प्रश्न 5 :- वायु से भी तेज चलने वाला कौन है?
उत्तर :- मन वायु से भी अधिक तीव्र गति वाला है।
प्रश्न 6 :- तिनके से भी अधिक दुर्बल बनाने वाली क्या है?
उत्तर :- चिंता मनुष्य को तिनके से भी अधिक सुखा देती है।
प्रश्न 7 :- विदेश जाने वाले का मित्र कौन है?
उत्तर :- विद्या (ज्ञान) ही विदेश में सबसे बड़ा मित्र है।
प्रश्न 8 :- सुख क्या है?
उत्तर :- जो शील और सत्य पर आधारित हो, वही सच्चा सुख है।
प्रश्न 9 :- सबसे बड़ा आश्चर्य क्या है?
उत्तर :- हर दिन जीव यमलोक (मृत्यु) को प्राप्त होते हैं, फिर भी जो जीवित हैं, वे अमर रहने की इच्छा रखते हैं। यही सबसे बड़ा आश्चर्य है।
प्रश्न 10 :- धर्म का मार्ग क्या है?
उत्तर :- जिस मार्ग पर महापुरूष (श्रेष्ठ व्यक्ति) चले हों, वही वास्तविक मार्ग है।

यक्ष, युधिष्ठिर के उत्तरों से अत्यंत संतुष्ट हुए। युधिष्ठिर की धैर्य, बुद्धि और न्यायप्रियता को देखकर यक्ष (जो वास्तव में धर्मराज थे) ने न केवल उनके सभी भाइयों को जीवित कर दिया, बल्कि उन्हें आशीर्वाद भी दिया।

# डॉक्टर अंकल का इंतजार करते-करते दुनिया से चली गई मासूम प्रिशा



## हॉस्पिटल की लापरवाही ने 7 साल की बच्ची की जान ली

## मासूम प्रिशा की मौत पर जागा स्वास्थ्य विभाग

## सीएमओ ने गठित की तीन सदस्यीय जांच कमेटी

## परिजनों व पत्रकारों ने हॉस्पिटल में धरना दिया

बिजनौर (चिंगारी)। एक मासूम बच्ची की जिंदगी का चिराग अल्पायु में बुझ गया, और पीछे छूट गया परिवार का ऐसा दर्द, जिसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। इसके बावजूद बेरहम सिस्टम की पेशानी पर कोई बल नहीं आया। स्वास्थ्य विभाग की नींद भी तब टूटी, जब मां-बाप के आंसुओं से पत्थर दिल भी पिघल गये।

बिजनौर में नजीबाबाद रोड स्थित गोपाल हॉस्पिटल में लगभग सात वर्षीय मासूम प्रिशा को बुधवार को भर्ती कराया गया था। हल्दौर निवासी संजीव मिश्रा और प्रीति मिश्रा की बेटी प्रिशा हंसते-खेलते हुए अस्पताल पहुंची थी और बृहस्पतिवार की रात को बदनसीब मां-बाप उसका पार्थिव शरीर लेकर घर गये। प्रिशा उनकी गोद ली हुई एकमात्र संतान थी।

संजीव मिश्रा एक सुलझे हुये पत्रकार हैं। उनकी बेटी प्रिशा की मौत की खबर सुनकर अनेक पत्रकार गोपाल हॉस्पिटल पहुंचे और डॉक्टर व हॉस्पिटल की घोर लापरवाही को के विरोध में परिजनों के साथ प्रिशा के शव के पास धरने पर बैठ गये। देखते ही देखते हॉस्पिटल पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग बेहद उत्तेजित थे, लेकिन उन्होंने संयम बरता। सूचना मिलने पर सीओ सिटी अभय कुमार पांडे और शहर कोतवाल अवनीत मान भी पुलिस बल के साथ पहुंच गये। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल सिंह भी पत्रकारों के बीच पहुंचे। संजीव मिश्रा की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई, जबकि डिप्टी सीएमओ ने 48 घंटे में जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।



प्रिशा की मां के पैर पकड़कर माफी मांगते हुए डॉक्टर पंकज चौधरी।

गोपाल हॉस्पिटल के संचालक डॉ. पंकज चौधरी ने दोनों हाथ जोड़कर प्रिशा की मां प्रीति मिश्रा के पैर पकड़कर तथा पत्रकारों के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगी और घटना के लिये खेद व्यक्त किया। कहा कि वह बहुत शर्मिंदा हैं और प्रयास करेंगे कि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो। बाद में आईएमए के प्रतिनिधिमण्डल के साथ परिजनों व पत्रकारों की वार्ता में भी डॉ. पंकज ने खेद व्यक्त किया, जिस पर रात लगभग 10 बजे धरना समाप्त हुआ।

उधर, पत्रकारों के विरोध प्रदर्शन को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. कौशलेन्द्र सिंह ने प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र प्रसाद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में गठित कमेटी में डॉ. राजेश कुमार डाबरे फिजिशियन जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं डॉ. राजेश कुमार बाल रोग विशेषज्ञ जिला महिला चिकित्सालय बिजनौर को सदस्य नामित किया है। कमेटी को घटना की गहनता से जांच कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ऐसा लगा जैसे मानवता बची ही नहीं- राजेंद्र



प्रिशा की मौत की खबर सुनकर तुरंत गोपाल हॉस्पिटल पहुंचे जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार एड. ने प्रिशा की मौत पर गहरा दु:ख और संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर और अस्पताल की लापरवाही देखकर लगा कि जैसे मानवता बची ही नहीं। बच्ची का शव देखकर राजेंद्र कुमार की आंखों से अश्रुधारा बह निकली। उन्होंने कहा कि यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

## डॉक्टर की लापरवाही अक्षम्य- नितिन सिरोही



**भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही ने हॉस्पिटल पहुंचकर तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टर की लापरवाही से एक मासूम की जान चली गई। यह अक्षम्य है। प्रशासन को संज्ञान लेना चाहिए।**

## बच्ची को भगवान भरोसे छोड़कर चले गये डॉक्टर

**संजीव मिश्रा के अनुसार डॉ. पंकज चौधरी तथा गोपाल हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने हद दर्जे की लापरवाही बरती। वह बुखार और उल्टी होने पर अपनी बेटी को हॉस्पिटल में ले गये थे, जहां बच्ची को भर्ती कर लिया गया। कल सुबह 10 बजे डॉ. पंकज ने प्रिशा को देखा था। उसके बाद बच्ची की हालत बिगड़ती गई। बार-बार कहने पर भी डॉक्टर से नहीं मिलने दिया। डॉ. पंकज 2 बजे तक हॉस्पिटल में मौजूद थे। उसके बाद वे कहीं बाहर चले गये। उनकी बेटी को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। प्रिशा ने कई घंटे तक तड़पने के बाद हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। मां-बाप की आंखों का तारा उनकी आंखों के ही सामने हमेशा के लिये दूर हो गया।**



गोपाल हॉस्पिटल में फर्श पर रखा मासूम का शव और धरना देते पत्रकार।

## कलेजा मुंह को आ गया

मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस बेटी के स्वस्थ होकर घर लौटने की उम्मीद थी, आज सुबह उसकी अर्थी उठी तो पत्थर भी पिघल गये। जिस बच्ची को संजीव मिश्रा ने बड़े लाड-प्यार से पाला था, आज उसी के पार्थिव शरीर को बैराज गंगा घाट पर जब अपने कांपते हाथों से अग्नि के सुपुर्द किया, तो वहां मौजूद लोगों का कलेजा मुंह को आ गया।

## डेढ़ घंटे तक मासूम का शव बिना चादर के पड़ा रहा

**डॉक्टर की लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना रवैये के साथ-साथ गोपाल हॉस्पिटल की घोर संवेदनहीनता देखने को मिली। मासूम प्रिशा का शव डेढ़ घंटे तक अस्पताल की बेंच और बाद में फर्श पर पड़ा रहा। हॉस्पिटल वालों ने बच्ची के पार्थिव शरीर पर एक चादर तक नहीं ढकी।**

# हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत भाजपा द्वारा कार्यशाला का आयोजन

**नूरपुर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी नूरपुर मंडल की एक बैठक ब्लाक सभागार में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने की, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व जिला मंत्री नूरपुर मंडल प्रभारी पुष्कर सिंह उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान आदि विषयों पर चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी पुष्कर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति की भावना को सशक्त करने का अभियान है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 10 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रत्येक घर पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहराने हेतु जनजागरण करने का आह्वान किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष एम.पी. सिंह, मंडल महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुईयार, पूर्व



नगर अध्यक्ष अशोक राजपूत, धर्मेंद्र जोशी, भाजपा नेता विनोद चौहान, हरभजन सिंह, कमलेश प्रजापति, सभासद रेनू चौहान, डॉ. शिला राणा, शक्तिकेंद्र संयोजक सुशील चौहान, राहुल प्रजापति, अमित चौधरी, उमेश पाल, मोहन चौहान, गुरविंदर सिंह, जीतू भुईयार, मंडल मंत्री राजेश चौहान, सतीश चौहान, राहुल यादव, सुरेंद्र पाल, विनोद पीबाल, ईशमपाल चौधरी आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की सीधी टक्कर में महिला सहित तीन घायल

**झालू (चिंगारी)।** नगर में स्टेशन रोड पर गुरुवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। वहीं महिला की गम्भीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसको दिल्ली रैफर किया है। दिल्ली स्थित एक अस्पताल में महिला का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर करीब एक बजे मोहल्ला रामलीला निवासी सुशील (50 वर्ष) पुत्र बिशना अपनी पत्नी पुष्पा के साथ खेत से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से स्टेशन की ओर से तेज रफ्तार में जा रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर कस्बा झालू निवासी दो युवक सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में सुशील, उनकी पत्नी पुष्पा तथा दूसरी बाइक पर सवार एक युवक घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस और झालू चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चौकी के सिपाही मौके पर पहुंचे तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। परिजनों के अनुसार सुशील का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है, जबकि सिर में अधिक चोट लगने के कारण पुष्पा को एक अस्पताल में दिल्ली भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सांसद चंद्रशेखर ने नगीना में सीएफसी को शीघ्र संचालित करने की मांग की

**धामपुर (चिंगारी)।** नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नगीना स्थित कॉमन फैसिलिटी

### प्रदेश के लघु-मध्यम उद्यम मंत्री को भेजा पत्र



सेंटर (सीएफसी) को शीघ्र संचालित कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री भूपेंद्र चौधरी को पत्र भेजकर प्रदूषण नियंत्रण विभाग से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र जल्द जारी कराने और परियोजना को शुरू कराने का अनुरोध किया है। सांसद द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि विश्व प्रसिद्ध नगीना लकड़ी हस्तशिल्प उद्योग के विकास के उद्देश्य से लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) का निर्माण कराया गया था। भवन का निर्माण कार्य लगभग दो वर्ष पहले पूरा हो चुका है तथा आधुनिक मशीनें भी स्थापित की जा चुकी हैं, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण विभाग से एनओसी न मिलने के कारण केंद्र का संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि कॉमन फैसिलिटी सेंटर शुरू होने से नगीना क्षेत्र के हजारों कारीगरों और लघु उद्यमियों को आधुनिक मशीनों, डिजाइन विकास, गुणवत्ता परीक्षण, प्रशिक्षण तथा तकनीकी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, उत्पादन लागत में कमी तथा निर्यात को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है।

## सीमा पार से हो रही ड्रग तस्करी रोकने की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद से जुड़े पूर्व सैनिकों ने सीमा पार से देश में हो रही ड्रग्स तस्करी को रोकने के लिए अलग से फोर्स गठन की मांग की है। परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समय-समय पर सीमा पार से देश में ड्रग्स तस्करी के मामले सामने आते रहते हैं। पूर्व सैनिकों का मानना है कि सीमा पार से ड्रग्स तस्करी भारत की सैन्य शक्ति को कमजोर करने का बहुत बड़ा षड्यंत्र है। ड्रग्स तस्कर शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों को टारगेट कर रहे हैं। कहा कि कई युवा ड्रग्स के आदी होकर अपने भविष्य को बर्बाद कर चुके हैं। वहीं अगर युवा ही नशे की गिरफ्त में पड़ जाएंगे तो भविय में सेना में जवानों की कमी हो सकती है। इसलिए ड्रग्स की तस्करी को रोकने के लिए अलग से फोर्स का गठन किया जाना चाहिए। बैठक में परिषद अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नेगी, बलवान सिंह रावत, अनूप बिष्ट, संजय असवाल, वीरेन्द्र रावत और गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल सहित परिषद से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## इधर बारिश हो रही झमाझम, उधर गूंज रहा उद्घोष 'बम-बम'



**चिड़ियापुर (चिंगारी)।** हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर इस समय श्रावण माह में चल रही कांवड़ यात्रा में कांवरियों का रेला उमड़ रहा है। पिछले दो दिन से हो रही लगातार बारिश कांवरियों की यात्रा को बीच-बीच में कुछ समय के लिए बाधित कर रही है, लेकिन भोले की भक्ति में लीन कांवरिया बारिश में भी लगातार बोल बम बम के नारों के साथ लगातार चल रहे है गुरुवार को हरिद्वार नजीबाबाद हाईवे पर चिड़ियापुर में कांवरिये थकहार कर अचानक साफ हुए मौसम के कारण हाईवे पर चटाई बिछाकर आराम करने लगे। रात्रि गश्त के दौरान श्यामपुर पुलिस ने हाईवे पर सो रहे कांवड़ियों को हाईवे से उठाकर नीचे सुरक्षित स्थान पर सोने की अपील की। पुलिस टीम ने कांवड़ियों को समझाते हुए बताया कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं। रात में ड्राइवर को सोया हुआ व्यक्ति दिखाई नहीं देता, जिससे हाईवे पर सोने से हादसे का खतरा हो सकता है। पिछले सालों में कई हादसे हो चुके हैं। पुलिस ने उन्हें हाईवे पर सोने के खतरों से अवगत कराते हुए जागरूक किया। कांवड़ियों ने भी पुलिस को सहयोग करते हुए हाईवे से उठकर हाईवे से नीचे जाकर चटाई बिछाकर विश्राम करने

## डॉ. व्यस्त ने सीएम को बताईं शिक्षकों की समस्याएं



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता करते हुए जयपाल सिंह व्यस्त।

**धामपुर (चिंगारी)।** बरेली मुरादाबाद खंड स्नातक एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके कार्यालय में मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं के संबंध में वार्ता की। एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वित्तविहीन शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा उनके मानदेय मिलने के संबंध और व्यावसायिक शिक्षकों की नियमित करने तथा मुरादाबाद से बाया नूरपुर बिजनौर मार्ग को फोरलेन किए जाने की मांग रखी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर योजना बनाई

**धामपुर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी, धामपुर मंडल की मासिक बैठक में आगामी तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर कार्य योजना बनाई गई। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव सिसोदिया को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, सेक्टर संयोजक, शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव सिसोदिया ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, आगामी 12 अगस्त को तिरंगा यात्रा भव्य एवं सफल बनाने तथा प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक का



पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसोदिया का पटका पहनाकर सम्मान करते हुए कार्यकर्ता।

संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने किया।

# बिजनौर में ख़तरे के निशान के पास बह रही गंगा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** दो दिनों से लगातार पहाड़ों व मैदानी इलाकों में हो रही बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। गुरूवार को गंगा का जलस्तर 219.10 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से करीब 90 सेंटीमीटर नीचे है। फिलहाल गंगा में 1, 86,009, क्यूसेक पानी चल रहा है। सिंचाई विभाग के मुताबिक पिछले दो दिनों से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। मध्य गंगा बैराज के अधिशासी अभियंता कृष्ण पाल ने बताया कि दो दिनों से पहाड़ी इलाकों में हो रही बारिश से गंगा का जलस्तर बढ़ रहा है। जलस्तर बढ़ने से गंगा 219.10 मीटर पर बह रही है। लगातार गंगा के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है।

## प्रशासन ने की लोगों से अपील

प्रशासन ने गंगा किनारे बसे गांवों के लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें। साथ ही, मौसम और जलस्तर से जुड़ी विभागीय सूचनाओं पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम से समान मात्रा में पानी छोड़ा गया।



## चैनल में बह रहा एक लाख क्यूसेक पानी

गंगा की धार को सीधी करने के लिए बनाए गए सात किमी लंबे चैनल में गुरूवार को एक लाख क्यूसेक पानी बह रहा है। एई मोहित कुमार ने बताया कि चैनल पर पूरी नजर रखी जा रही है।

# आसपा नेताओं ने मां-बेटे की मौत पर दुःख जताया

**शेरकोट ( चिंगारी )।** मंगलवार की देर रात हुई मां-बेटे की मौत की दुखद घटना का पता लगने पर सांसद प्रतिनिधि एवं असपा नेता विवेक सैन बृहस्पतिवार की शाम पीड़ित मौहल्ला फतेहनगर निवासी पीड़ित धर्मवीर सिंह प्रजापति के आवास पर पहुंचे। उन्होंने युवा विशाल और उसकी माता कविता देवी की मौत पर शोक प्रकट किया। इस दौरान उन्होंने धर्मवीर सिंह की सांसद चंद्रशेखर आजाद से फ़ोन पर बात कराई। सांसद ने घटना पर दुख जताते हुए धर्मवीर सिंह को ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित को संकट की इस घड़ी में साथ खड़े होने का भरोसा दिलाया और जल्दी ही शेरकोट आने पर मिलने की बात कही। उधर विवेक सेन ने कहा कि एक साथ हुई दो मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने धर्मवीर सिंह से दुख की इस घड़ी में हिम्मत से काम लेने की बात कही और हर समय साथ रहने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि मंगलवार की रात मौहल्ला फतेहनगर निवासी विशाल प्रजापति की मौत हो गई थी। जवान पुत्र के सदमे में कुछ देर बाद मां कविता देवी ने भी दम तोड़ दिया था।



TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

| | |
|---|---|
| - Sales Executives | : 2 (Bijnor, Dhampur) |
| - Receptionist (Female) | : 1 (Bijnor) |
| - Mechanic / Electrician | : 2 (Bijnor) |
| - Cashier | : 1 (Bijnor) |

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# दिन में बकरे को, रात में कुत्ते को उठाकर ले गया गुलदार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** खूंखार गुलदार एक किसान के घर से दिन में बकरा व रात में कुत्ता उठाकर ले गया, जिसे लेकर घरवाले भयभीत हैं और गांव में दहशत का माहौल है। चारों ओर गुलदार के आतंक से लोग आजिज आ चुके हैं। गुलदार द्वारा जगह-जगह पशुओं एवं इंसानों की जान लिए जाने के बाद भी वन विभाग के पास गुलदार का कोई मुकम्मल इलाज नजर नहीं आ रहा है। बस कहीं ज्यादा शोरगुल मच जाने या कोई जानी नुकसान हो जाने पर वन विभाग मात्र पिंजरा लगाकर इतिश्री कर देता है। थाना रेहड़ क्षेत्र के मौजा मौ. अलीपुर पट्टाघाट/ग्राम किरतपुर में बीते कुछ दिनों से गुलदार की दहशत है। गांव निवासी कुलदीप सिंह के घर से गुलदार मंगलवार की दोपहर एक बकरा उठाकर ले गया। इतना ही नहीं रात में गुलदार फिर उसी घर में आया और कुत्ते को दबोचकर भाग निकला, जिससे परिजन डरे सहमे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर अमानगढ़ वन रेंज के कर्मचारियों द्वारा वहां पिंजरा लगा दिया गया है। वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर का कहना है कि पिंजरे की निगरानी के लिए भी वनकर्मियों को लगाया गया है। समस्या के समाधान को आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



# डीएम ने चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग का किया निरीक्षण

## 11 किलोमीटर क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा बांध की मांग, 14 पुलियों व गाइड बांध निर्माण प्रस्ताव को शासन की स्वीकृति का इंतजार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार अपराह्न चांदपुर से हस्तिनापुर तक बाढ़ प्रभावित एवं क्षतिग्रस्त मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पांडवनगर चौकी, जलालपुर खादर, रायपुर खादर और खानपुर दमाल क्षेत्र का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने करीब 11 किलोमीटर क्षेत्र में बाढ़ से स्थायी सुरक्षा के लिए बांध निर्माण की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी। इस पर जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से रखा जाएगा और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराकर बांध निर्माण का कार्य जल्द शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि फिलहाल क्षेत्र में बाढ़ जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने ग्रामीणों से पूरी सतर्कता बरतने की अपील करते हुए कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं।



इस दौरान लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), मेरठ के सहायक अभियंता ने जिलाधिकारी को बताया कि चांदपुर-हस्तिनापुर मार्ग पर वर्षा एवं बाढ़ के पानी की समुचित निकासी के लिए 14 पुलियों और गाइड बांध के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसके लिए संशोधित एस्टीमेट शासन को स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है। शासन से मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाएगा। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी चांदपुर, तहसीलदार चांदपुर, लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) मेरठ के सहायक अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जब अस्पताल की चौखट पर दम तोड़ने लगे भरोसा



सात वर्ष की नन्ही प्रिशा... कक्षा 1 की वह मासूम छात्रा, जिसकी आंखों में भविष्य के असंख्य रंग थे, आज इस दुनिया में नहीं है। हल्दौर निवासी वरिष्ठ पत्रकार संजीव मिश्रा की बेटी की बिजनौर के एक नामी अस्पताल में असमय मृत्यु ने केवल एक परिवार का चिराग नहीं बुझाया, बल्कि समाज के अंतर्मन को भी झकझोर दिया है। जिस बच्ची को बुखार से राहत मिलनी चाहिए थी, उसकी मृत्यु के बाद उठे गंभीर आरोप स्वास्थ्य व्यवस्था की आत्मा को कटघरे में खड़ा करते हैं।

परिजनों का आरोप है कि वे उपचार की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्हें समय पर चिकित्सकीय सहायता नहीं मिली। बिजनौर के इस नामी नर्सिंग होम के डॉक्टर और अन्य स्टाफ ने बच्ची की बिगड़ती हालत के बारे में परिजनों को न बताकर अंधेरे में रखा। यह केवल चिकित्सकीय लापरवाही नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के पतन का भयावह उदाहरण होगा। अस्पताल केवल ईंट-पत्थर की इमारत नहीं होते, वे जीवन की अंतिम आशा होते हैं। यदि वहीं संवेदनहीनता का सन्नाटा पसरा मिले, तो समाज किस दरवाज़े पर न्याय की उम्मीद लेकर जाए? घटना के बाद जिले बिजनौर के वरिष्ठ पत्रकारों, अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों का अस्पताल पर हृदय चीरता आक्रोश इस बात का संकेत है कि लोगों का आक्रोश केवल एक घटना तक सीमित नहीं है। जनता का प्रश्न स्पष्ट है- क्या स्वास्थ्य व्यवस्था में जवाबदेही केवल कागज़ों तक सीमित रह गई है? क्या निरीक्षण, मानक और प्रशासनिक निगरानी केवल औपचारिकताएं बनकर रह गई हैं?

जब किसी मासूम की मृत्यु के बाद व्यवस्था की चुप्पी जनता को सुनाई देने लगे, तब यह मौन स्वयं एक गंभीर प्रश्न बन जाता है। लोकतंत्र में प्रशासन का मौन कभी भी पीड़ित परिवार के घाव नहीं भर सकता। उसे सत्य सामने लाना होगा, निष्पक्ष जांच करानी होगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सिद्ध होती है, तो कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।



प्रिशा अब लौटकर नहीं आएगी। उसकी स्कूल की किताबें, उसका बस्ता, उसकी अधूरी मुस्कान और उसके सपने अब केवल स्मृतियां हैं। लेकिन उसका जाना समाज के सामने एक अमिट प्रश्न छोड़ गया है- क्या किसी बच्चे का जीवन व्यवस्था की उदासीनता से कम मूल्यवान हो सकता है?

यह केवल एक परिवार के आंसू नहीं हैं, यह उस विश्वास का रक्तस्राव है, जो हर मरीज अस्पताल की दहलीज़ पर लेकर पहुंचता है। यदि इस प्रकार की घटनाओं से भी व्यवस्था नहीं जागती, तो आने वाली हर ऐसी त्रासदी केवल एक समाचार नहीं होगी, बल्कि हमारी सामूहिक संवेदनहीनता का प्रमाण-पत्र होगी। प्रिशा के लिए न्याय केवल एक परिवार की मांग नहीं, बल्कि हर उस नागरिक की आवाज़ है जो चाहता है कि अस्पतालों में जीवन की रक्षा सर्वोच्च धर्म रहे, और किसी भी मासूम की मृत्यु के बाद सत्य कभी दफन न होने पाए।

**-प्रकाश पंकज शिक्षक**
**हल्दौर**


आज की बात

# प्रिशा बेटा ईश्वर से कहना हम सबको कभी माफ़ नहीं करे..?



-हिंदुस्तानी

हल्दौर के पत्रकार भाई संजीव मिश्रा की सात साल की बेटी प्रिशा अब इस दुनिया में नहीं है। उसको बुखार था। उल्टी आ रही थीं। इस मौसम में यह आम बात है। संजीव मिश्रा उसको बिजनौर इलाज को लाये थे। शायद सोचा होगा बिजनौर बड़ा शहर है। अच्छा इलाज मिलेगा, लेकिन यहां तो नजीबाबाद रोड के एक अस्पताल में कई घंटे इलाज ही नहीं हुआ। डॉक्टर ने देखा तक नहीं। उसको दूसरे हॉस्पिटल में रैफर भी नहीं किया। यह हॉस्पिटल है या बूचड़खाना? डॉक्टर को लोग भगवान का दर्जा देते हैं, क्योंकि वे मरते लोगों को दूसरा जीवन देते हैं, लेकिन यहां तो डॉक्टर 'यमराज' बन गए। इतने क्रूर, इतने स्वार्थी और इतने असंवेदनशील? जब रात को यह ख़बर सुनी, खाना नहीं खाया। भूख गायब हो गई। रात भर नींद नहीं आई। उस मासूम बच्ची का चेहरा नज़रों में घूमता रहा। आंखों में खुद ही आंसू आते रहे। दिल दुखता रहा। वो नादान बच्ची ज़िन्दा आई थी और एक दिन बाद उसकी डैड बॉडी घर लौटी। उसके और उसके माता-पिता के कितने सपने रहे होंगे। वो बड़ी होती। पढ़ती-लिखती। कुछ बनती। हो सकता था देश और समाज के लिये कुछ नया करती। अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती। उसकी शादी होती। हंसता-खेलता परिवार होता। माता-पिता, नाना-नानी बनते। कितने खुश होते सब, लेकिन एक भूल, एक गलती और आपराधिक लापरवाही ने उस घर का गोद लिया एक मात्र चिराग भी बुझा दिया। अब संजीव भाई और उनकी पत्नी उनके परिवार के दूसरे लोग किसके सहारे जियेंगे? किसके लिए जिएंगे? ज़िंदगी में एक बड़ा शून्य आ गया। एक खालीपन आ गया। एक कमी आ गई। अब उनको दुनिया वैसी नहीं लगेगी जैसी प्रिशा के ज़िंदा रहते लगती थी। सब खोखला बेमतलब और बेकार नज़र आयेगा। प्रिशा बेटा यह उम्र नहीं थी तेरे जाने की, लेकिन होनी को कौन टाल सकता है। प्रिशा हम तेरे गुनहगार हैं। हमारा पूरा सिस्टम तेरा 'हत्यारा' है। इसी अस्पताल में आरोप है तीन माह में ऐसे तीन केस हो चुके हैं। ऐसे और भी जानलेवा अस्पताल होंगे। ऐसे और भी लापरवाह डॉक्टर होंगे। शासन-प्रशासन और समाज उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाता। हमारा सारा सिस्टम फेल हो चुका है। ऐसी कोई घटना होती है तो कुछ पल कुछ घंटे और कुछ दिन हंगामा मचता है, फिर जांच होती है। जांच कंप्रोमाइज हो जाती है। जांच रिपोर्ट ठंडे बस्ते में चली जाती है। सब जगह सेटिंग करने वाले बैठे हैं। बस कीमत अलग-अलग है। बस उन तक पहुंच होनी चाहिए। इंसान की जान सबसे सस्ती है। हम लोग ज़िंदा लाशें बन चुके हैं। हमारा ज़मीर, हमारी आत्मा कबकी मर चुकी है। हम लोग इस धरती पर बोझ हैं। हममें भावनाएं नहीं हैं। प्रिशा हम शर्मिंदा हैं। प्रिशा बेटा हम सब पापी हैं। प्रिशा बेटा हमें माफ़ मत करना, ईश्वर से कहना हमारे समाज को ऐसी सज़ा दे जिससे हम पैसे की जगह इंसान की जान की कीमत समझें। भाई सूर्यमणि रघुवंशी और साथी पत्रकार धरना नहीं देते तो शायद डाक्टर माफ़ी भी नहीं मांगते। भला हो राजेंद्र सिंह एडवोकेट और किसान यूनियन अराजनीतिक के पदाधिकारियों का जिन्होंने मानवता दिखाते हुए इस धरने को सपोर्ट किया। हमारे समाज का यह हाल है...



**मौत के डर से नाहक परेशान हैं, आप ज़िंदा कहां हैं जो मर जाएंगे।**

# 'काश आप आ जाते डॉक्टर अंकल'

प्रिशा नहीं रही, वह सात साल की थी, नन्ही, इकलौती और घर में सभी की अज़ीज़, किस मोहब्बत से इस बच्ची को पाला पोसा गया, ये उसके मां-बाप से पूछिए, और ये ही नहीं जिन घरों में छोटे बच्चे होते हैं, उनके लिए ये 'खिलौने' क्या मायने रखते हैं? 'महसूस' करने से अच्छा कोई जवाब नहीं हो सकता है।

अब उस स्याह दिन की बात, बिजनौर के उस अस्पताल की बात, उस चिकित्सक की बात जिनकी चिकित्सीय चूक से ये 'खिलौना' टूट गया। नि:संदेह नियति में जो है वो होगा, ईश्वर ने जो चाहा होगा, पर कुदरत ने शिकायत का हक़ इन्सान को दिया है, एक शिकायत तो डॉक्टर साहब से बनती ही है। आप हमारा एक खिलौने तोड़ दोगे, हम शिकवा भी न करें। बिटिया के गले में फंसी उल्टी भीतर ही भीतर उसका दम घोटती रही, कोई न आया, सांसों के लिए उसकी आंखें फैलती रहीं, कोई न आया, सोचो तो सही कितना फड़क रही होगी, उस पल को महसूस तो करो, एक नन्ही सी जान, कोमल शरीर, बुख़ार की लर्ज़िश से पहले ही निढाल और फिर गले के भीतर फंसी उल्टी, धीरे-धीरे कम होती सांसें।



काश, आप आ जाते डॉक्टर साहब

प्रिशा घंटों अपनी सांसों से संघर्ष करती रही, पर कुछ पल के लिए आप प्रिशा बनकर तो देखिए साहब, ये चंद घंटे कई 'जिंदगियों' से ज़्यादा भारी पड़ेंगे। क्या-क्या नहीं चल रहा होगा उस बच्ची के मन में, सांसें नहीं खिंच रही होंगी, तो कुलबुला के रह जा रही होगी, रो रही होगी, हाथ-पैर पीट रही होगी, लेकिन शायद उसके जिस्म में इतनी भी जान नहीं थी, दुनिया में उस मासूम के दर्द को किसी ने नहीं समझा, अब उसका इन्तेज़ार परियां कर रहीं थीं, पंख फैलाए, उसे समेटने को तैयार, आसमान में अब प्रिशा शायद स्वच्छंद घूम रही हो, पर हां ये भी हो सकता है वो वहां इस 'जहान' के मालिक से डॉक्टर अंकल की शिकायत करे।



**शहबाज़ अनवर 'शोबी'**
**पत्रकार**

# 11 वर्षीया मिस्बाह पर खौलता पानी डालने के मामले में दो और आरोपी तलब

## अदालत के आदेश से पीड़िता के परिवार को बड़ी राहत, अबरार और सुल्तान को विचारण में शामिल करने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय मोहल्ला चाहशीरीं निवासी दिलशाद की 11 वर्षीया पुत्री मिस्बाह पर गत वर्ष 22 अप्रैल को जान से मारने की नीयत से कथित रूप से खौलता हुआ पानी डालने और चाकू-छुरी से हमला करने के चर्चित मामले में अदालत ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-6 की न्यायाधीश अलका चौधरी ने मामले में अबरार और सुल्तान को भी विचारण में शामिल करने के लिए तलब किया है। अदालत के इस आदेश से पीड़िता और उसके परिवार ने राहत की सांस ली है।

### गंभीर रूप से झुलसी थी मिस्बाह

**22 अप्रैल 2025 को मिस्बाह पर कथित रूप से खौलता हुआ पानी डाल दिया गया था, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। आरोप है कि उसके शरीर पर चाकू और छुरी से 36 घाव भी किए गए थे। इस घटना के चलते वह स्थायी रूप से विकृत हो गई। यह घटना क्षेत्र में काफी चर्चित रही।**

### पुलिस ने एक के खिलाफ दाखिल किया था आरोप पत्र

विवेचना के बाद कोतवाली शहर पुलिस ने महजबी नाम की एक आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामले का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-6 में चल रहा है। अभियोजन की ओर से मोहम्मद यासीन, फहीम अहमद और वादी अमीरुद्दीन को क्रमशः अभियोजन साक्षी के रूप में पेश किया गया।

### वादी को बिना समन-वारंट पेश किए जाने का लगा आरोप

पीड़िता के अधिवक्ता राजेंद्र कुमार के अनुसार, वादी अमीरुद्दीन को न्यायालय की ओर से न तो समन जारी हुआ था और न ही गिरफ्तारी वारंट, इसके बावजूद पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर 11 दिसंबर 2025 को न्यायालय में पेश किया गया। अधिवक्ता का आरोप है कि इस दौरान वादी का बयान आरोपियों के पक्ष में कराया गया और उसे पक्षद्रोही घोषित किए जाने के बाद प्रभावी जिरह नहीं हो सकी। इस पर पीड़िता के अधिवक्ता ने उसी दिन न्यायालय में प्रार्थना-पत्र देकर वादी अमीरुद्दीन को दोबारा तलब कर उसका बयान दर्ज कराने की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली का अवलोकन करने के बाद पाया कि उक्त गवाह के संबंध में न्यायालय की ओर से कोई समन या वारंट जारी नहीं किया गया था। इसके बाद वादी को पुनः तलब किया गया।

### दोबारा बयान में अभियोजन की कहानी का समर्थन करने का दावा

वादी अमीरुद्दीन के दोबारा न्यायालय में पेश होने पर पीड़ित पक्ष के अनुसार उसने अभियोजन की कहानी का समर्थन किया। साथ ही उसने अभियोजन की कथित लापरवाही और आरोपियों से मिलीभगत के संबंध में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। न्यायालय ने उसे सक्षम प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष शिकायत करने के निर्देश दिए थे।

### अदालत के आदेश से परिवार ने जताई राहत

**अब अदालत द्वारा अबरार और सुल्तान को भी विचारण में शामिल करने के लिए तलब किए जाने के बाद मिस्बाह और उसके परिवार ने राहत की सांस ली है। परिवार ने न्यायालय के साथ-साथ वर्तमान जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता पंकज चौहान के प्रति भी आभार व्यक्त किया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि मिस्बाह के साथ हुई घटना बेहद गंभीर, संवेदनशील और मानवीयता को शर्मसार करने वाली थी। अदालत के ताजा आदेश से परिवार को न्याय की उम्मीद और मजबूत हुई है।**

## हाईटेंशन लाइन का खम्बा टूटकर गिरने से हादसा टला

नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार रोड पर दाना पानी रेस्टोरेंट के पास हाईटेंशन लाइन का पोल गिरने से हादसा होने से टल गया। सूचना मिलते ही साहनपुर चैकी प्रभारी कुलवीर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दाना पानी रेस्टोरेंट से कुछ आगे नहर पुल के पास अचानक 11 हजार पावर की लाइन का बिजली खंबा टूट गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संबंधित विभाग को सूचना दी। बिजली विभाग ने बाद में रोड को सुचारू रूप से चालू करवा दिया।

### बीबीए 4 जी सेमेस्टर में आदित्य, साहिबा व साहिल ने पाया स्थान

नजीबाबाद (चिंगारी)। नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ़ कॉलेज के बीबीए 4 जी सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा के बीबीए 4जी सेमेस्टर में आदित्य ने 76.60 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, साहिबा ने 75.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं साहिल ने 73.90 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर नार्थ इण्डिया ग्रुप आफ कालेजस के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, रजिस्ट्रार गौरव वर्मा एवं टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की प्राचार्य डॉ.शिवानी चैहान, हायर एजुकेशन की प्राचार्या डॉ. नीलावती एवं डॉ. नवनीत राजपूत ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाये देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उज्जवल टांक, सहायक प्राध्यापक वैभव जैन एवं अन्य प्रवक्ताओं ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुये बताया कि विभाग के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम सभी के लिए गर्व का विषय हैं।

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

## किसानों की समस्याओं के हल की मांग को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत तहसील परिसर में जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में आयोजित की गई। पंचायत में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान के लिए आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि वर्तमान समय में किसान अनेक गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जब किसान अपनी जायज मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाता है, तो उसे फर्जी मुकदमों में फंसाने व धमकाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने आगामी पेराई सत्र 2026-27 में गन्ना घटतौली कतई बर्दाश्त नहीं करने, जनपद में आएदिन हो रहे आदमखोर गुलदारों के हमले रोकने व उनसे लोगों की सुरक्षा कराने, किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम दिये जाने आदि की मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम शैलेन्द्र कुमार को दिया। पंचायत में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, डॉ. अरुण कुमार, भूपेंद्र सिंह, नरेश कुमार, प्रदीप राणा, सुखवीर सिंह, सरदार जरनैल सिंह, नीटू राणा, मूला सिंह, अजयपाल सिंह, डॉ. जयप्रकाश सिंह, सत्यपाल सिंह, हेमेंद्र सिंह, मास्टर सुरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, जसवंत सिंह, धर्मेंद्र, सरदार गुरपेज सिंह, शहाबुद्दीन अहमद, जय सिंह, मुब्बशिर बेग, अकरम अली, उदय सिंह, अतुल कुमार, टीकम सिंह, सत्यपाल सिंह, फुरकान अली महिला जिलाध्यक्ष मोनिका चौधरी, रीना शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीपीएस बिजनौर में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का भव्य आयोजन



**बिजनौर (चिंगारी)।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिजनौर द्वारा जिले में मॉडल यूनाइटेड नेशन्स का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में करीब 40 देशों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अफ़ग़ानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, ब्राज़ील, कंबोडिया, कनाडा, चीन, कोस्टारिका, डेनमार्क, मिस्र, फ़िनलैंड, फ्रांस, जॉर्जिया, जर्मनी, हंगरी, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, इज़राइल, जापान, जॉर्डन, केन्या, लेबनान, लक्ज़मबर्ग, मलेशिया, नीदरलैंड, न्यूज़ीलैंड, नॉर्वे, पाकिस्तान, रोमानिया, रूस, रवांडा, सऊदी अरब, सोमालिया, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये तथा संयुक्त अरब अमीरात सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पायल कपूर द्वारा गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सम्मेलन में पांच समितियों का गठन किया गया, जिनमें संयुक्त राष्ट्र महिला स्थिति आयोग, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अखिल भारतीय राजनीतिक दल सम्मेलन, अंतरराष्ट्रीय प्रेस तथा आई.पी.एल नीलामी समिति शामिल थीं। इन समितियों के संचालन एवं मूल्यांकन का दायित्व क्रमशः सुश्री भाविका डाबर, सुश्री जैस्मिन पांडा, श्री आशांक सिंह, इंजीनियर विहान सारस्वत तथा श्री रिदम एवं सुश्री संस्कृति ने निभाया। वहीं सम्मेलन के मुख्य सलाहकार के रूप में अधिवक्ता प्रियांशु ग्रोवर एवं इंजीनियर आदर्श कुमार सिंह ने अपने मार्गदर्शन से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

संयुक्त राष्ट्र महिला स्थिति आयोग कमेटी से सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि रहे रोमानिया प्रतिनिधि अध्ययन देशवाल, उच्च प्रशंसा प्रतिनिधि रहे नीदरलैंड प्रतिनिधि आन्या चौहान और ईरान प्रतिनिधि मयंक पाराशर, विशेष उल्लेख रशिया प्रतिनिधि अजीजा असलम, सोमालिया प्रतिनिधि तनिष्का लांबा और नोर्वे प्रतिनिधि अनन्या त्यागी रही।

## मॉडर्न एरा स्कूल के छात्र स्पर्श ने चेस टूर्नामेंट में पाया पहला स्थान



**बिजनौर (चिंगारी)।** मॉर्डन एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर के मेधावी छात्र स्पर्श ने शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्पर्श ने देव भूमि चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित द्वितीय स्व. श्री धीरज सिंह रघुवंशी मेमोरियल ऑल इंडिया फिडे रेटिंग ओपन चेस टूर्नामेंट में बेस्ट अनरेटेड श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त किया है।

उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में देशभर से आए कुल 300 खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए स्पर्श ने शानदार प्रदर्शन किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए स्पर्श को प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी के साथ 25,000 रुपये की नकद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। इस स्वर्णिम सफलता पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने छात्र स्पर्श को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्र की इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक वर्ग ने खुशी व्यक्त करते हुए स्पर्श को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कांवड़ यात्रा की सुरक्षा के मद्देनजर निराश्रित गौवंश को पकड़ा

**नहटौर (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से नहटौर नगर पालिका परिषद ने तीसरी बार निराश्रित गौवंश पकड़ने का अभियान चलाकर नगर की सड़कों, बाजारों और कांवड़ मार्गों पर घूम रहे निराश्रित गौवंश को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर भेजा।

बता दें कि कांवड़ यात्रा के दौरान कोतवाली व नूरपुर मार्ग पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है, जिससे सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई की गई। नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक विशेष कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा समाप्त होने तक आवश्यकता पड़ने पर यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में निराश्रित गोवंश दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत नगर पालिका को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके और श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था बनी रहे।



गोवंश को पकड़ते नगर पालिका की टीम

## खादर के गांवों में बाढ़ से भारी नुकसान, लोग परेशान



**चांदपुर (चिंगारी)।** बारिश के कारण गंगा का जल स्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के अनेक गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है। जंगलों में भी बाढ़ का पानी भर जाने से किसानों को पशुओं का चारा लाने के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। चांदपुर-दत्तियाना व हस्तिनापुर मार्ग पर पानी भर जाने से आवागमन बंद हो गया है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीण ट्रैक्टर ट्राली व बोगी द्वारा आ जा रहे हैं। ग्रामीणो ने रोष जताते हुए कहा कि बाढ़ की रोकथाम के लिए पिछले कई सालों से गंगा पर तटबंध बनाए जाने की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक भी गंगा पर तटबंध न बनाए जाने से खादर क्षेत्र के लोगो को प्रतिवर्ष बाढ़ से जूझना पड़ रहा है। बाढ़ से फसलों को भारी नुक़सान पहुंचता है।

## अमृत सरोवर की ढांच टूटी, लोगों की सुबह की सैर छूटी



**मंडावर (चिंगारी)।** प्राचीन कालंद्री देवी मंदिर परिसर में स्थित अमृत सरोवर की ढांच को भारी बारिश ने तोड़ दिया है। तेज बहाव के कारण तालाब का किनारा क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे सुबह की सैर के लिए आने वाले लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमृत सरोवर के विकास और मरम्मत के लिए आवंटित धन का सही उपयोग नहीं किया गया। उनका आरोप है कि इस काम में लगाए गए धन का 'बंदर बांट' कर दिया गया। इसी वजह से ढांच कमजोर पड़ गई और बारिश में टूटने लगी। लोगों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो सके और तालाब को जल्द से जल्द फिर से ठीक किया जा सके। फिलहाल सरोवर का किनारा क्षतिग्रस्त होने से परिसर में आवाजाही प्रभावित हो रही है।

## कांवड़ यात्रा में परिजनों से बिछड़ी बच्ची को मिलाया



बालिका को परिवार से सकुशल मिलती पुलिस

**नहटौर (चिंगारी)।** कांवड़ यात्रा के दौरान नहटौर के हल्दौर चौराहे पर अपने परिजनों से बिछड़ी 12 वर्षीय बालिका को पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मात्र एक घंटे के भीतर उसके परिवार से सकुशल मिला दिया। परिजनों ने बेटी को पाकर पुलिस की तत्परता और त्वरित कार्रवाई की जमकर सराहना की।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को जनपद संभल के थाना जुनावई क्षेत्र स्थित मंडकावली गांव की निवासी प्रेमशिला हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे एक जत्थे के साथ जा रही थी। हल्दौर चौराहे पर अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण वह अचानक अपने परिजनों से बिछड़ गई और रास्ता भटक गई। हल्दौर चौराहे पर स्थित पुलिस सहायता केंद्र के पास बच्ची को रोते देख वहां मौजूद पुलिसकर्मियों की नजर उस पर पड़ी। पुलिसकर्मियों ने तुरंत उसे सहायता केंद्र पहुंचाया। उपनिरीक्षक दीपक कुमार, महिला कांस्टेबल रितु चौधरी और राखी ने बालिका से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। इसके बाद पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आसपास के इलाकों और कांवड़ शिविरों में संपर्क किया। त्वरित प्रयासों के चलते महज एक घंटे के भीतर ही बालिका के परिजनों का पता लगा लिया गया। परिजनों को सहायता केंद्र बुलाकर बच्ची को उन्हें सौंप दिया गया। बच्ची को सुरक्षित पाकर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।


# गांवों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के कार्य में तेजी

## 240 परियोजनाओं में ओवरहेड जलाशयों का निर्माण पूरा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत जनपद बिजनौर में ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वच्छ एवं क्लोरीनयुक्त पेयजल पहुंचाने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। योजना का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 'हर घर नल से जल उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को सुरक्षित पेयजल मिले और पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भरता कम हो।

योजना के दूसरे चरण में गुजरात की एलसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को जिले के विभिन्न विकास खंडों में 301 परियोजनाओं का कार्य सौंपा गया है। कंपनी के परियोजना प्रबंधक गौरव लवानिया ने बताया कि इनमें से 170 परियोजनाएं पूरी होकर संचालन एवं अनुरक्षण (ओ एंड एम) में जा चुकी हैं। वहीं 240 परियोजनाओं में ओवरहेड जलाशयों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष स्थानों पर निर्माण कार्य जारी है। वर्तमान में 290 परियोजनाओं के माध्यम से ओवरहेड जलाशयों और डायरेक्ट पंपिंग सिस्टम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

परियोजना प्रबंधक गौरव लवानिया ने बताया कि कंपनी का लक्ष्य केंद्र और राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं क्लोरीनयुक्त पेयजल पहुंचाना है। सभी निर्माण कार्य निर्धारित



मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप किए जा रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण, पानी के सदुपयोग और पाइपलाइन व घरेलू नल कनेक्शनों के रखरखाव के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है।

### साफ दिख रहा बदलाव

जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले के हजारों ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल का लाभ मिल रहा है। इसके साथ ही निर्माण कार्यों के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। अधिकारियों का कहना है कि शेष ग्राम पंचायतों में कार्य पूरा होने के बाद पूरे जिले के ग्रामीण इस योजना से लाभान्वित होंगे।

### लोगों से लिया फीडबैक

**निरीक्षण के दौरान जलनिगम के अधिशासी अभियंता राकेश चौधरी, सहायक अभियंता शुभम सक्सेना, कंपनी के परियोजना प्रबंधक गौरव लवानिया ने गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता और नियमितता के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने स्वच्छ पेयजल मिलने पर संतोष जताते हुए योजना की सराहना की।**

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# भगवंत स्कूल में ड्राइंग व पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भगवंत पब्लिक स्कूल, नूरपुर रोड, चांदपुर में पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) के तत्वावधान में सेव एनिमल्स विषय पर ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम, करुणा, संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक चित्रकलाओं के माध्यम से वन्य जीवों एवं पशु-पक्षियों की सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा जैव विविधता के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की कलाकृतियों में यह संदेश प्रमुखता से उभरकर आया कि पृथ्वी पर सभी जीवों का




संरक्षण प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन मनोज चतुर्वेदी एवं फरहा नाज़ ने किया। प्रतियोगिता में कक्षा 4 की इकरा ने प्रथम, कक्षा 8 की ज़ैबा ने द्वितीय तथा कक्षा 5 की रिम्शा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# मंडावर-बालावाली मार्ग पर खिरनी के निकट सड़क का हिस्सा टूटा

**मंडावर ( चिंगारी )।** लगातार हो रही बारिश के कारण बृहस्पतिवार देर शाम को मंडावर-बालावाली मार्ग पर ग्राम खिरनी के निकट सड़क का बड़ा हिस्सा टूट गया है। पिछले दिनों भी इसी स्थान पर सड़क टूटने से आवागमन बाधित हो गया था। बारिश के कारण सड़क के दोनों ओर मिट्टी धस गई है। वर्षा का पानी सड़क को पार करते हुए बह रहा है, जिसके कारण सड़क के शोल्डर और पेवमेंट सतह का अत्यधिक कटाव हो गया है। सड़क का एक बड़ा हिस्सा धंसने से मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन असुरक्षित हो गया है और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। उच्च अधिकारियों ने बालावाली-मंडावर खंड पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने और यातायात प्रबंधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। मरम्मत पूरा होने तक भारी वाहनों को दूसरे मार्ग से भेजा जाएगा।

# बिजनौर में लम्पी स्किन डिजीज को लेकर अलर्ट

## पशु बाज़ार और अंतरराज्यीय परिवहन पर रोक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा समेत सीमावर्ती राज्यों और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों में लम्पी स्किन डिजीज (एलएसडी) के मामले सामने आने के बाद बिजनौर प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए शासनादेश के अनुपालन में जनपद में कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज वायरस जनित संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से मच्छरों, मक्खियों और अन्य वाहक कीटों के माध्यम से तेजी से फैलती है। बिजनौर सीमावर्ती जनपद होने के कारण यहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

डीएम के निर्देशानुसार जनपद में गौवंश एवं महिषवंशीय पशुओं के अंतरराज्यीय परिवहन पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही संक्रमण की आशंका को देखते हुए आगामी आदेशों तक पशु बाजारों और पशु मेलों के आयोजन पर भी रोक रहेगी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को व्यापक स्तर पर सर्विलांस अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एलएसडी का कोई भी संदिग्ध अथवा पुष्ट मामला मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा प्रभावित क्षेत्रों में संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए रिंग टीकाकरण सहित सभी जरूरी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत अन्य राज्यों से आने वाले गौवंशीय पशुओं को तभी प्रवेश की अनुमति

## डीएम के निर्देश पर सतर्कता बढ़ी

दी जाएगी, जब उनके पास पूर्ण टीकाकरण का वैध मेडिकल प्रमाण-पत्र होगा और उसका विवरण भारत पशुधन एप पर अपलोड किया गया होगा। इसके अलावा पशुपालक के आधार नंबर और पशुओं की ईयर टैगिंग का मिलान भी अनिवार्य होगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा जनपद में लम्पी स्किन रोग की रोकथाम के लिए सतत निगरानी और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।

# विवेक विश्वविद्यालय में युवा सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विवेक विश्वविद्यालय एवं एटॉस द्वारा 'युवा सशक्तिकरण' विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास, व्यक्तित्व निर्माण एवं रोजगार के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा आज के समय में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच भी सफलता के लिए आवश्यक है। अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, निरंतर सीखते रहें और नई तकनीकों को अपनाने के लिए हमेशा तैयार रहें। कार्यक्रम में सत्येंद्र कुमार रिलेशनशिप मैनेजर, प्रवीण गोयल, कॉर्पोरेट कोच, विद्यार्थियों ने करियर, कौशल विकास और रोजगार से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से उत्तर दिया। अंत में एटॉस ट्रेनिंग प्रबंधन ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपकुलाधिपति दीपक मित्तल ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रतिस्पर्धी युग में युवाओं को नवाचार, तकनीकी ज्ञान और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। अनिल कुमार शर्मा ने युवाओं को नई तकनीक, कौशल और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देता है। यही सशक्त युवा विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा ज्ञान तभी सार्थक है जब उसे समाज और राष्ट्र के विकास में उपयोग किया जाए। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## महाविद्यालय के आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेन्द्र प्रताप सिंह का किया अभिनंदन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय,चांदपुर-स्याऊ की प्रबंध समिति के निर्वाचन के पश्चात महाविद्यालय आगमन पर आजीवन अध्यक्ष कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह का महाविद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कुंवर धीरेंद्र प्रताप सिंह को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह क्षण महाविद्यालय परिवार के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। आपके कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और मार्गदर्शन में यह संस्थान शिक्षा, अनुसंधान और अनुशासन के नये आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक तथा शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बी.एससी जूलॉजी का परीक्षाफल रहा उत्कृष्ट

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित बी.एससी. (ऑनर्स) जूलॉजी विभाग द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की है। परीक्षा परिणाम में मिस्बाह तनवीर ने (79 प्रतिशत) अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। राबिया शमसी ने (78.86 प्रतिशत) अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा सिमरन ने (76.57 प्रतिशत) अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) महेंद्र सिंह कौरव ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। विज्ञान विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर राजकुमार एवं विभाग कोऑर्डिनेटर एकता त्यागी, हर्ष राजपूत, सिमरन भरद्वाज, विनीता देवी, पुनीत कुमार, विजेंदर सिंह, लेखराज सिंह एवं अनुज कुमार ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करेंगे।


मिस्बाह तनवीर


राबिया शमसी


सिमरन

## एस.एस.के. एकेडमी में मनाया गया 'ब्लू डे'

**नगीना ( चिंगारी )।** एस.एस.के. इंटरनेशनल एकेडमी में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए ब्लू डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को नीले रंग के महत्व से परिचित कराना तथा उनकी रचनात्मक एवं अभिव्यक्ति क्षमता का विकास करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नीले रंग की आकर्षक वेशभूषा धारण कर विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर को भी नीले रंग की सुंदर सजावट से आकर्षक रूप दिया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, प्रबंध निदेशिका सिद्धि अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या अंशु विश्नोई ने विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास एवं आनंदपूर्ण वातावरण में हुआ।

## अभाविप के पूर्व विभाग संयोजक शशिकांत बालियान साथियों संग चला रहे पर्यावरण संरक्षण का अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पूर्व विभाग संयोजक एवं पूर्व छात्र नेता शशिकांत बालियान के नेतृत्व में बिजनौर में नहर के किनारे 200 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व शशिकांत बालियान ने सोशल मीडिया के माध्यम से वृक्षारोपण का सार्वजनिक संकल्प लिया था। इस अवसर पर शशिकांत बालियान ने कहा कि संकल्प तभी सार्थक होता है जब वह धरातल पर दिखाई दे। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित भारत देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने इस अभियान में सहयोग करने वाले सभी युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी जनहित और समाज सेवा से जुड़े ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।



## क्षेत्रीय विधायक ने मलिन बस्तियों की सड़कें बनवाने की मांग की

### नगर विकास मंत्री से की मुलाकात

**नगीना ( चिंगारी )।** स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस ने प्रदेश के नगर विकास मंत्री से मिलकर नगीना नगर पालिका क्षेत्र में मलिन बस्तियों की सड़कें बनवाने की मांग की है। विधायक द्वारा दिए गए मांग-पत्र में कहा गया कि नगीना नगर की मलिन बस्तियां मोहल्ला आंबेडकर नगर लुहारी सराय पूर्वी, रेती विश्नोई सराय, चौधराना आदि अनुसूचित बाहुल्य हैं। इन बस्तियों में आने-जाने हेतु तथा जल भराव की विभिन्न समस्याएं हैं। इन बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु पिछले वर्ष कुछ सड़कों के निर्माण का अनुरोध किया गया था। परंतु कुछ मार्ग बजट के अभाव में छूट गए थे, जिनको अब बनवाया जाना अति आवश्यक है।पत्र के माध्यम से मोहल्ला आंबेडकर नगर में पालिका के पास तिराहे से डॉ. सतीश के मकान तक, मोहल्ला रेती बिश्नोई सराय में हरेवली मार्ग से डॉ. भीमराव आंबेडकर धर्मशाला तक व मोहल्ला चौधराना में देवराज के गेराज से विजय प्रधान के मकान तक सड़क निर्माण की मांग की गई है।


लखनऊ में नगर विकास मंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्याएं रखते स्थानीय विधायक मनोज पारस।

## जेल में राइटर व लम्बरदारों को जारी किये गये पहचान पत्र

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कारागार प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत पारदर्शी बनाने की दिशा में नई पहल शुरू की है। अब जेल में कार्यरत सेवादारों की पहचान आई कार्ड से होगी। पहली बार जिला कारागार में राइटर और लंबरदारों को आधिकारिक पहचान पत्र जारी किए गए हैं। साथ ही दोनों श्रेणियों के बंदियों के लिए अलग-अलग रंग की वर्दी भी निर्धारित की गई है, जिससे उनकी पहचान आसानी से की जा सके। जेल प्रशासन की ओर से राइटर और लंबरदार के रूप में कार्य कर रहे बंदियों को फोटोयुक्त आई कार्ड उपलब्ध कराए गए हैं। इन कार्डों में संबंधित बंदी का नाम, बैरक, पहचान संबंधी विवरण और उसकी जिम्मेदारी का उल्लेख किया गया है। इससे ड्यूटी के दौरान उनकी पहचान तुरंत हो सकेगी और अनधिकृत गतिविधियों पर भी प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी। इससे जेल की सुरक्षा व्यवस्था और अनुशासन को भी मजबूती मिलेगी। जेल प्रशासन का मानना है कि आई कार्ड और अलग वर्दी की व्यवस्था से जेल की सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी। किसी भी बंदी की भूमिका और जिम्मेदारी स्पष्ट होने से भ्रम की स्थिति समाप्त होगी तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूती मिलेगी।

### वर्दी के होंगे अलग-अलग रंग

**नई व्यवस्था के तहत जेल में राइटर को सफेद रंग की वर्दी, जबकि लंबरदार को पीले रंग की वर्दी पहनना अनिवार्य किया गया है। अलग-अलग रंग की वर्दी से अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी पहचान करने में आसानी होगी। इससे जेल के भीतर अनुशासन बनाए रखने और कार्यों के बेहतर संचालन में भी मदद मिलेगी।**




### जवाबदेही सुनिश्चित होगी

**जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह व्यवस्था बंदियों के बीच जिम्मेदारियों को स्पष्ट करने के साथ-साथ जवाबदेही भी सुनिश्चित करेगी। भविष्य में आवश्यकता के अनुसार इस व्यवस्था को और अधिक व्यवस्थित बनाया जाएगा, ताकि जिला कारागार में सुरक्षा, अनुशासन और प्रशासनिक कार्यों का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से हो सके।**

# झालू में अकीदत के साथ निकला चेहल्लुम का जुलूस



मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना।

**झालू (चिंगारी)।** कस्बे में बृहस्पतिवार देर शाम चेहल्लुम का जुलूस अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया। जुलूस बड़े इमामबाड़े और छोटे इमामबाड़े से शुरू होकर परम्परागत मार्गों से होता हुआ कर्बला पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस के दौरान मातमदारों ने मातम किया और 'या हुसैन, या हुसैन' की सदाओं से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल रहे और गमगीन माहौल में हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों की शहादत को याद किया गया। मुतवल्ली नजाकत हुसैन ने बताया कि कर्बला में यजीद नामक जालिम शासक ने हजरत इमाम हुसैन को उनके 72 साथियों सहित भूखा-प्यासा रखकर शहीद कर दिया था। मजलिस को मौलाना अल्ताफ हुसैन किबला (मेरठ) ने खिताब किया। जुलूस में नोहाख्वानी अंजुमन शेदा-ए-हुसैनी के साहिबे बयाज़ महमूद असगर मेमन सादात, अंजुमन-ए-हैदरी के साहिबे बयाज़ नवा हुसैन साखनी (बुलंदशहर) तथा अंजुमन गमखारे हुसैनी के साहिबे बयाज़ कमाल मेहदी (मंगलौर, उत्तराखंड) ने की। जुलूस में शराफत हुसैन, रियासत हुसैन, नदीम हुसैन, लियाकत हुसैन, एजाज एडवोकेट, हसन, सुमेर जैदी, मेहताब, मोहम्मद अली, शेर अली, राजा, ताहिर, अब्बास, मोहम्मद ज़ैद, आमिर इकबाल, चांद मियां, दानिश, राजू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर हल्दौर थाना प्रभारी विजेंदर सिंह राठी, झालू चौकी प्रभारी रजत चौधरी, हेड कांस्टेबल अमित एवं अन्य सिपाही मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के मेडिकल असेसमेंट के लिए कैम्प लगाया, कई डाक्टर नहीं आये




**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** ब्लॉक रिसोर्स सेंटर (बीआरसी) मानियावाला में समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप लगाया गया। कैंप का मकसद सरकारी स्कूलों में तालीम हासिल कर रहे 6 से 18 साल के ऐसे बच्चों की मेडिकल जांच कराना था, जिन्हें दिव्यांगता सर्टिफिकेट की जरूरत है, लेकिन सभी माहिर डॉक्टर मौजूद न होने की वजह से बड़ी तादाद में बच्चों का इंतजार अधूरा रह गया। खंड शिक्षा अधिकारी प्रेम सिंह राणा ने बताया कि कैंप में कुल 55 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हुआ। इनमें आंखों की कमजोरी, सुनने और बोलने में दिक्कत, मानसिक दिव्यांगता, हड्डियों से जुड़ी परेशानी और सेरेब्रल पाल्सी से प्रभावित बच्चे शामिल थे। उन्होंने बताया कि बिजनौर से सिर्फ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपा गोयल और अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार ही कैंप में पहुंच सके। दोनों डॉक्टरों ने अपने दायरे के बच्चों की जांच कर जरूरी कार्रवाई पूरी की। जांच के बाद 18 बच्चों के दिव्यांगता सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए। वहीं मूक-बधिर और मानसिक दिव्यांग बच्चों की जांच के लिए संबंधित विशेषज्ञ डॉक्टर कैंप में नहीं पहुंचे। इसकी वजह से 37 बच्चों का मेडिकल असेसमेंट नहीं हो सका। ऐसे बच्चों को अब आगे की जांच और सर्टिफिकेट जारी कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय बिजनौर भेजा गया है। कैंप के दौरान स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मुजफ्फर अली, फरहत अली, मुकेश कुमार, उमेश कुमार और अरविंद कुमार समेत स्पेशल एजुकेटर और बीआरसी स्टाफ ने इंतजामात संभाले और बच्चों के दस्तावेजों की तस्दीक कराने में मदद की। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह के मेडिकल कैंपों का मकसद दिव्यांग बच्चों को वक्त पर सर्टिफिकेट मुहैया कराना है, ताकि उन्हें सरकारी स्कीमों, तालीमी सहूलियतों और दूसरी जरूरी मदद का फायदा आसानी से मिल सके। हालांकि इस कैंप में सभी विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद न होने से कई बच्चों को जांच के लिए अब बिजनौर का रुख करना पड़ेगा।

# पानी के तेज बहाव से लालपुर सोजीमल-बालावाली मार्ग कटा

**नांगल सोती (चिंगारी)। भारी बारिश के कारण एक खेत की सीमा पर बनी बड़ी मेढ़ ( डौला ) टूट जाने से तेज बहाव के साथ निकले पानी से लालपुर सोजीमल गांव से बालावाली तक जाने वाला कच्चा मार्ग काफी दूर तक कट गया। इससे लालपुर सोजीमल सहित कई गांवों के लोगों को बालावाली तक जाने के लिये बहुत लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। इसी पानी के बहाव से एक खेत में भी भूमि कटान हुआ है।**

नांगल क्षेत्र का ग्राम लालपुर सोजीमल बालावाली से एकदम सटा हुआ है। इस गांव की कृषि भूमि बालावाली की सीमा तक है। गांव से बालावाली जाने के लिये गंगा के किनारे-किनारे एकमात्र कच्चा मार्ग स्थित है। उक्त मार्ग से ही गांव के व्यक्ति बालावाली होते हुए लक्सर जाते हैं। बालावाली गंगा घाट तक भी यही मार्ग जाता है। बालावाली, गौसपुर, तिसोतरा आदि गांवों के व्यक्ति अंतिम संस्कार के लिये इसी मार्ग से बालावाली गंगा घाट पर जाते हैं। परसों रात्रि से कल शाम तक भारी बारिश हुई है। बारिश से खेत जलमग्न हो गये थे। कभी बालावाली में संचालित होने वाली कांच फैक्ट्री के मालिक के परिवार की काफी कृषि भूमि ग्राम लालपुर सोजीमल के जंगल में स्थित है। उनके एक खेत की सीमा पर लगी बड़ी मेढ़ (डौला) भारी बारिश से भरे पानी का दबाव सह नहीं सकी और टूट गई। उक्त मेढ़ टूटते ही वहां पानी का झरना सा बहने लगा। भारी मात्रा में पानी बहने से नीचे खाई जैसी स्थिति बन गई। पास में स्थित ग्राम निवासी परवीन सिंह के खेत से पानी बहकर निकला, तो उस खेत की भूमि का भी कटान हो गया तथा खेत में जगह-जगह गड्ढे बन गये। दो-ढाई बीघा के खेत का थोड़ा सा हिस्सा ही शेष बचा है, अन्यथा बाजरा बोये सारे खेत की भूमि कटकर बह गई। पानी के तेज बहाव से लालपुर सोजीमल से बालावाली तक जाने वाला कच्चा मार्ग 200-250 मीटर की दूरी तक बह गया। वहां मार्ग विशाल गड्ढे में तब्दील हो गया है। बीच से कट चुके मार्ग पर अब वाहनों का आवागमन संभव नहीं है। ग्रामीणों अल्ताफ अहमद, मकसूद अहमद, गफ्फार अहमद, जुल्फकार अहमद, नयपाल सिंह, सत्यपाल सिंह, रतिराम सिंह, जमीर अहमद आदि का कहना है कि गांव से बालावाली जाने का यही एकमात्र मार्ग था। जब तक मार्ग ठीक नहीं होता है, तब तक ग्रामीणों को पास के गांव सलेमपुर भट्टा से होते हुए बहुत लंबी दूरी तय करके बालावाली जाना पड़ेगा। यहां उल्लेखनीय है कि ग्राम लालपुर सोजीमल के ग्रामीणों को तमाम आवश्यकताओं के लिये आये दिन बालावाली, लक्सर क्षेत्र में जाना पड़ता है।



पानी के तेज बहाव में कटा लालपुर सोजीमल-बालावाली मार्ग

# भाजपा नेता सतीश राजपूत के पिता जी का देहावसान

**बिजनौर (चिंगारी)।** यहां जजी चौराहे के पास स्थित एस. के. फोटो स्टेट के स्वामी एवं पंजाब नेशनल बैंक से सेवानिवृत्त श्री जगदीश प्रसाद राजपूत का आज सुबह तड़के आकस्मिक निधन हो गया। 90 वर्षीय श्री राजपूत अंत समय तक पूर्णत: स्वस्थ व सक्रिय थे। रात्रि में परिजनों से बातचीत करने के बाद वह सोने के लिये गये थे। सुबह जब परिजनों ने देखा तो वह स्वर्ग सिधार गये थे। उनके निधन की खबर लगते ही शिवपुरी लेन निकट नुमाइश ग्राउंड स्थित निवास स्थान पर शोक संवेदनायें व्यक्त करने वाले लोगों की भीड़ लग गयी। वे अपने पीछे दो पुत्रों सुधीर व सतीश राजपूत (पूर्व जिला कोषाध्यक्ष भाजपा), तीन पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गये हैं। शांत-मधुर व्यवहार के धनी स्व. राजपूत अनेक सामाजिक धार्मिक संगठनों से जुड़कर समाजसेवा में सक्रिय रहते थे। वे बैराज रोड स्थित पुलकित हॉस्पिटल में बैठकर रोगियों की नि:शुल्क सेवा करते थे। उन्होंने नुमाइश ग्राउंड में एक कोने में पड़ी खाली जमीन पर कालोनीवासियों की मदद से बच्चा पार्क का निर्माण कराया। इसके अतिरिक्त वे वरिष्ठ नागरिक व राजपूत सभा से जुड़े रहे। दोपहर बाद गंगा बैराज पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी अंतिम यात्रा में राजनैतिक, धार्मिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लेकर अंतिम विदाई दी। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार को यह दारूण दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना करता है।



फाइल फोटो

# कालेज में बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**नहटौर (चिंगारी)।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी में अरनव, एलकेजी में चित्रांश यूकेजी में मुदित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बृहस्पतिवार को आयोजित बस्ता प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम में कंचन, द्वितीय में आस्था, तृतीय में श्रद्धा, चतुर्थ में प्रज्ञा, रिया पंचम मेंसांची, षष्ठ में मिस्टी, प्राप्ति सप्तम में विराट अष्टम में मयंक शर्मा, आराध्या पाल, नवम में आदर्श कुमार, वेदांत अहलावत, शिवांश चंद्रा, मानसी शर्मा, दशम में हर्षित, अवनीश, निखिल, अक्षी दक्ष एकादश में नवनीत कुमार, हर्शल वर्मा, शांतनु कुमार,करीमा फातिमा और द्वादश में अमित कुमार, प्रिया सैनी, सुमित कुमार एवं पारुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बस्ता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने छात्रों को प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक सुरेंद्र सिंह, प्रवेंद्र कुमार, खिलेंद्र सिंह, टीकम सिंह, कविता आदि का सहयोग रहा।



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 8 अगस्त 2026**

मेष- स्वाध्याय की ओर रुचि, व्यापारिक आर्थिक उन्नति हेतु प्रयास सफल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, राजनैतिक गतिविधियों की ओर रुझान।

वृषभ- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, धन सम्पत्ति विषयक मसला सुलझने की ओर, भौतिक सुख सुविधा के साधन सुलभ, दाम्पत्य सुख।

मिथुन- भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, व्यक्तिगत समस्या के समाधान हेतु विचलित, मित्रों-स्वजनों से मनमुटाव, परिवार में अनावश्यक खर्च, विरोधियों का वर्चस्व।

कर्क- पारिवारिक सौहार्द, नवसम्पर्क से कुछेक मसले सुलझने को, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, धर्म-अध्यात्म की ओर रुझान, आत्मबल में वृद्धि, यात्रा सफल।

सिंह- कार्य-व्यवसाय में विस्तार व परिवर्तन की योजना फलीभूत, परिवार में धार्मिक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, प्रतिष्ठा में वृद्धि।

कन्या- परिस्थितियां सुधार पर, सामयिक कार्य प्रगति पर, नवसम्पर्क से कुछेक समले पक्ष में सुलझने की ओर, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था जागृत, संत समागम।

तुला- समय असंतोषजनक, भाग्योन्नति का मार्ग अवरुद्ध, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, विरोधी हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में परेशानी।

वृश्चिक-शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, प्रियजनों के सहयोग से समस्या का समाधान, व्यापारिक वातावरण मन के अनुकूल, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

धनु- अभीष्ट सिद्धि हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, वाक्पटुता से कार्यों में अनुकूलता, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर, राजनीतिक गतिविधियों में रुचि।

मकर- समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, आर्थिक व्यावसायिक प्रगति हेतु नवप्रयास सार्थक, स्वास्थ्य सुधार पर, बकाये धन की प्राप्ति, रचनात्मक कार्यों में रुझान।

कुम्भ- सामयिक कार्यों में प्रतिकूलता, आरोग्य सुख में कमी, व्यावसायिक पक्ष से चिन्ता, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति में बाधा, प्रियजनों से मनमुटाव, सामाजिक पक्ष से कष्ट।

मीन- कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर प्राप्त, कठिनाइयों की निवृत्ति हेतु किये जा रहे प्रयास सफल, धार्मिक क्रिया-कलापों में अभिरुचि, सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

# पत्रकार संजीव मिश्रा की मासूम बेटी की मौत से हल्दौर में शोक

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के पत्रकार संजीव मिश्रा की 7 वर्षीय पुत्री प्रिशा मिश्रा का आकस्मिक निधन हो गया, जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया और नगर भर व पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। आज सुबह गंगा बैराज घाट बिजनौर पर बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया। स्थानीय मौहल्ला तोल्हावाला निवासी संजीव मिश्रा की पुत्री प्रिशा मिश्रा को बुखार और उल्टी की शिकायत होने पर बुधवार को परिजनों द्वारा बिजनौर स्थित गोपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान डॉक्टर की लापरवाही के चलते वृहस्पतिवार को बच्ची की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया और पत्रकारों व नगर में शोक व्याप्त हो गया। रात्रि में बिजनौर से परिजन उसका शव लेकर हल्दौर पहुंचे। जहां उसका अंतिम दर्शन करने के लिए नगरवासियों का ताता लग गया। मासूम बच्ची के निधन से उसके अस्वस्थ चल रहे 80 वर्षीय बुजुर्ग दादा जी संतोष कुमार मिश्रा सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। आज सुबह गंगा बैराज घाट बिजनौर पर बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया। उधर डॉक्टर की लापरवाही से हुई मासूम बच्ची की मौत से पत्रकारों व नगरवासियों में तीव्र रोष व्याप्त है। चिंगारी परिवार बच्ची के निधन पर हार्दिक शोक संवेदना व्यक्त करता है।



प्रिशा का फाइल फोटो।



# कांवड़ियों की सेवा में आगे आए जटपुरा के ग्राम प्रधान मौ. अली कस्सार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मोटा महादेव भागूवाला बाईपास पर एक गांव पड़ता है जटपुरा जो कि कांवड़ियों का मुख्य मार्ग होता है। हरिद्वार से चलकर कावड़िए इसी मार्ग से मोटा महादेव मंदिर पहुंचते हैं। इस मार्ग पर पुलिस की विशेष नजर रहती है। जटपुरा खास के ग्राम प्रधान मोहम्मद अली कस्सार ग्राम पंचायतघर में कांवड़ियों के लिए ठहराव के लिए उचित प्रबंध करते हैं। जहां पर कांवड़ियों को साफ सफाई के साथ आरामदायक स्थान, शौचालय व बिजली का विशेष प्रबंध होता है। कांवड़िए यहां रुककर विश्राम कर अपने गंतव्य की ओर बढ़ते हैं। हर साल की तरह इस साल भी ग्राम प्रधान मौ. अली कस्सार कांवड़ियों की सेवा में जुट गये हैं।**

# चौदस को चढ़ता है शिवरात्रि का जल

सावन शिवरात्रि का हिंदू धर्म में बेहद खास स्थान है। यह पर्व श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। मान्यता है कि पूरा सावन महीना भगवान शिव को समर्पित होता है, इसलिए इस दिन की गई पूजा, व्रत, रुद्राभिषेक और मंत्र जाप का फल कई गुना बढ़ जाता है। इसी कारण इस अवसर पर देश-विदेश के शिव मंदिरों में भक्तों की बड़ी संख्या देखने को मिलती है।

इस दिन श्रद्धालु भगवान शिव को जल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा और भांग अर्पित करते हैं। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि सच्चे मन और श्रद्धा के साथ की गई शिव भक्ति से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं और सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। साथ ही भक्तों की मनोकामनाएं भी पूरी होती हैं। 'कब है सावन की शिवरात्रि?' पंचांग के अनुसार, इस वर्ष सावन शिवरात्रि की चतुर्दशी तिथि 11 अगस्त को सुबह 4 बजकर 53 मिनट से शुरू होगी और 12 अगस्त को रात 1 बजकर 51 मिनट तक रहेगी। चूंकि शिवरात्रि में रात्रि पूजन का विशेष महत्व होता है, इसलिए 11 अगस्त को ही यह पर्व मनाना अधिक उचित है। इस दिन रात्रि के चारों प्रहर में भगवान शिव की पूजा करने का विधान है। चार प्रहर की पूजा का समय

**प्रथम प्रहर की पूजा-** शाम 07:04 बजे से रात 09:45 बजे तक

**द्वितीय प्रहर की पूजा-** रात 09:45 बजे से रात 12:26 बजे तक

**तृतीय प्रहर की पूजा-** रात 12:26 बजे से सुबह 03:07 बजे तक

**चतुर्थ प्रहर की पूजा-** सुबह 03:07 बजे से सुबह



05:49 बजे तक

इन चारों समयों में श्रद्धा के साथ पूजा करने से विशेष पुण्य फल प्राप्त होता है।

**सावन शिवरात्रि का धार्मिक महत्व**

सावन शिवरात्रि का धार्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सावन में भगवान शिव की उपासना करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव ने समुद्र मंथन से प्राप्त हलाहल को पी लिया था, जिसे अपने कंठ में रोक लिया था, इस कारण से भगवान का कंठ नीला पड़ गया, जिससे भगवान शिव का एक नाम नीलकंठ भी है। भगवान भोलेनाथ का उस समय लोगों ने दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल, भांग के पत्ते से अभिषेक किया था, जिससे उनके गले को बहुत ठंडक की प्राप्ति हुई। इस परंपरा के अनुसार आज भी शिवरात्रि में जल अभिषेक, दुग्ध अभिषेक, दही अभिषेक का महत्व है। इस दिन व्रत रखने, रात्रि जागरण करने और 'ओम नमः शिवाय' मंत्र का जाप करने से पापों का नाश होता है और मन को शांति मिलती है। साथ ही आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग भी खुलता है।

**शुभ मुहूर्त और समय** - चतुर्दशी तिथि प्रारंभ- 11 अगस्त 2026 को सुबह 04:43 बजे सेचतुर्दशी तिथि, समाप्त 12 अगस्त 2026 को रात 01:51 बजे तकनिशिता काल, पूजा का समय-12 अगस्त की सुबह 12:05 बजे से 12:48 बजे तक जल अभिषेक के मुख्य समयब्रह्म मुहूर्त- सुबह 05:23 बजे से सुबह 06 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:06 बजे से दोपहर 12:58 बजे तक। विशेष मनोकामना प्राप्ति के लिए गन्ने के रस से, मौसमी फल के रस से, अनार के रस से, घी से, तिल के तेल से और अन्य द्वारा भी अभिषेक किया जाता है, जिसकी विशेष जानकारी हमारे ज्योतिष केंद्र गोस्वामी ज्योतिष केंद्र आवास विकास, बिजनौर द्वारा प्राप्त की जा सकती है।



**-आचार्य विनोद गोस्वामी**
(ज्योतिषज्ञ-वस्तुविद ) 462,
आवास विकास, बिजनौर
7017142498

# घरों की रेकी कर चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

## तीनों से भारी मात्रा में सोने-चांदी के जेवरात बरामद

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार पुलिस ने घरों की रेकी कर चोरी करने वाले शातिर चोर गिरोह के मुख्य सरगना सहित तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मौके पर पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई ज्वैलरी सहित घटना में प्रयुक्त स्कूटी एवं औजार भी बरामद किए हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 अगस्त 2026 को वादिनी स्थानीय निवासी प्राची रावत द्वारा कोतवाली में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि वह दिनांक 2 अगस्त 2026 को अपनी माता को छोड़ने अन्यत्र गई हुई थी, जब वह घर वापस आयी तो घर का ताला टूटा हुआ मिला तथा घर में रखी ज्वैलरी व अन्य सामान भी गायब था। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के निर्देशन में गठित पुलिस टीमों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का निरीक्षण किया। कैमरों की फुटेज का निरीक्षण करने और अन्य माध्यमों से प्राप्त जानकारियों के बाद टीमों को चोरी की घटना में तीन आरोपियों के संलिप्त होने का पता चला। इसके बाद पुलिस टीमों ने अथक प्रयास के बाद चोरी की घटना में संलिप्त तीनों आरोपियों राहत अली पुत्र नन्हे, निवासी- दिल्ली, अरुण पुत्र राजाराम, निवासी- अमरोहा (उत्तर प्रदेश) व रिहान, पुत्र अशरफ, हाल निवासी- दिल्ली, मूल पता- संभाल सराय उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। मौके पर पुलिस टीम ने उनके कब्जे से एक सोने का मंगल सूत्र, एक सोने की अगूठी, दो चांदी की चेन, तीन जोडी चांदी की पाजेब, चोरी की घटना में प्रयुक्त स्कूटी व चोरी को अंजाम देने में इस्तेमाल किए गए उपकरण सब्बल, प्लास, पेचकस, बोल्ट लीवर एवं कटर बरामद किए गए हैं। आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि राहत अली गिरोह का सरगना है, जिसके विरुद्ध दिल्ली में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बताया कि वे चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से पूर्व घरों की रेकी करते थे और चोरी किए गए सामान को बेचकर प्राप्त धनराशि से उसका उपयोग अपने नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए करते थे।


कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपी।

# मत्स्य पालकों को दिया जाये आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हरियाणा के गुरूग्राम स्थित लक्ष्मणराव इनामदार राष्ट्रीय सहकारी अनुसंधान एवं विकास अकादमी के महानिदेशक एवं राष्ट्रीय मत्स्यजीवी सहकारी संघ के नवनिर्वाचित निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने हाल में उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. मनोज कुमार और डॉ. धन सिंह रावत के बीच देश और राज्य में मत्स्य पालन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास तथा मछुआरों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान से जुड़े अनेक नीतिगत मुद्दों पर चर्चा हुई। डॉ. मनोज कुमार ने अकादमी के माध्यम से मत्स्य पालकों को आधुनिक तकनीक, पेशेवर प्रबंधन और वित्तीय साक्षरता का प्रशिक्षण देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बायोफ्लॉक और केज कल्चर जैसी नवीन तकनीकों को अपनाकर नीली क्रांति को गति दी जा सकती है, जिससे मछुआरों की आय में वृद्धि होगी। मौके पर उत्तराखंड के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने डॉ. मनोज कुमार को अकादमी में निदेशक चुने जाने पर बधाई दी और राज्य में कोल्डवाटर फिशरीज़ के विकास हेतु अकादमी को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# महापौर के जन्मदिन पर हुआ नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** महापौर शंभू पासवान के जन्मदिवस पर नगर निगम ऋषिकेश द्वारा विकास कार्यों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण रूप में ट्रांजिट कैंप से जोशी वर्कशॉप तक लगभग 24.68 लाख की लागत से निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का विधिवत लोकार्पण किया गया। समारोह में नगर निगम के अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद क्षेत्र के नागरिक उपस्थित रहे। महापौर शंभू पासवान को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। महापौर ने कहा कि नगर निगम का संकल्प ऋषिकेश के प्रत्येक वार्ड में सड़क, जल निकासी, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नागरिकों के जीवन को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित बेहतर बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य है। ट्रांजिट कैंप से जोशी वर्कशॉप तक निर्मित इस इंटरलॉकिंग सड़क से क्षेत्रवासियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी, बरसात के दौरान होने वाली कठिनाइयों में कमी आएगी। कार्यक्रम में नागरिकों ने इस सड़क निर्माण कार्य को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण बताते हुए नगर निगम महापौर का आभार व्यक्त किया।

# रविवार को मनाया जायेगा 'भारत छोड़ो' स्मृति दिवस

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन की ओर से नौ अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। संगठन के महासचिव रोशन सिंह रावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कुंभीचौड़ स्थित एक बारातघर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन देश के स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय है और इस अवसर पर वीर सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण किया जाना चाहिए।

# महाविद्यालय में आगामी माह होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में सस्टेनेबल डेवेलपमेंट एंड ग्रीन हिमालयन ग्रोथ-प्रोस्पेक्ट फार उत्तराखंड टुवार्ड्स विकसित भारत विषय पर 16 व 17 सितंबर 2026 को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी के संयोजक और वाणिज्य संकाय के प्रभारी डॉ. दिवाकर बुद्ध ने बताया कि भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित इस संगोष्ठी का आयोजन ऑफलाइन तथा ऑनलाइन मोड में किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधार्थी व नीति निर्माता प्रतिभाग कर हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथ आर्थिक विकास, सतत विकास, सांस्कृतिक विकास आदि लक्ष्यों और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के रोडमैप पर चर्चा करेंगे।

# जल संरक्षण व वृक्षारोपण को युवा अपने जीवन का हिस्सा बनायें : गोपाल आर्य


**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पर्यावरण विभाग के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल आर्य के परमार्थ निकेतन में आगमन पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती के साथ पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, हरियाली संवर्धन, भारतीय संस्कृति में प्रकृति के महत्व और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य के निर्माण पर विचार-विमर्श हुआ। स्वामी चिदानन्द ने कहा कि प्रकृति केवल हमारे जीवन का आधार ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का प्राण है। भारत ने सदैव पृथ्वी को माता माना है और नदियों, पर्वतों, वृक्षों तथा समस्त जीव-जगत में दिव्यता का दर्शन किया है। स्वामी जी ने कहा कि धरती की भूख मिटानी है, तो पेड़ लगाइए। गोपाल आर्य ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में जनभागीदारी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने भारतीय जीवन पद्धति में प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी परंपराओं में जल, जंगल और जमीन के प्रति सम्मान का भाव सदैव रहा है पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना होगा। जब प्रत्येक परिवार, प्रत्येक युवा और समाज का प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनेगा, तभी वास्तविक परिवर्तन संभव होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता और टिकाऊ व सतत जीवनशैली को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।


स्वामी चिदानन्द से विचार विमर्श करते हुए श्री गोपाल आर्य।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नींदड़ू हत्याकांड में बाप-बेटा गिरफ्तार

धामपुर ( चिंगारी )। ग्राम नींदड़ू में 60 वर्षीय इकबाल कुरैशी की हत्या के आरोपी भतीजे अरमान और भाई मोबीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार अरमान व मोबीन को ग्राम पल्लावाला से गिरफ्तार किया गया। कल एक मामूली विवाद पर अरमान पुत्र मोबीन कुरैशी ने अपने ताऊ इकबाल कुरैशी के सीने में छुरा घोप कर हत्या कर दी थी। घटना के बाद आरोपियों का पूरा परिवार ताला लगाकर घर से फरार हो गया था। घटना में घायल हुए मृतक इकबाल के पुत्र बिलाल की हालत में अब सुधार है।



# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने हज आजमीनों को चालान की कॉपी दी



नजीबाबाद (चिंगारी)। चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने 2027 में हज पर जाने वाले आजमीनों के साथ एक मीटिंग कर आजमीनों को चालान की कॉपी दी। चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म द्वारा कई सालों से हज पर जाने वाले आजमीनों के फ्री फॉर्म भरे जाते हैं। इसी तरह इस साल भी 2027 के लिए हज पर जाने वाले आजमीनों के हज फॉर्म 29 जून से 20 जुलाई 2026 तक भरे गए थे। पिछले 25 वर्षों से इंजीनियर मुअज़्ज़म द्वारा हज पर जाने वाले आजमीनों को हज फॉर्म व हज ट्रेनिंग दी जाती है। इसी तरह 6 अगस्त 2026 को हज पर जाने वाले आजमीनों को चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने वार्ता कर उन्हें हज चालान डाक्यूमेंट दिये। साथ ही सभी आजमीनों को हज पर जाने के लिए चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने मुबारकबाद दी। इस मौके पर रोशन जमीर, मोहम्मद नसीम, अनवर अहमद, साजिद, मोहम्मद आफाक, जाकिर हुसैन, असीम अब्बास, बाबू, मुख्तार, यामीन, शाहनवाज, रिहान, शमीम अहमद, यूसुफ, शरीफ अहमद, शाहनवाज आलम, शाहबाज़, अख्तर, शकील अहमद, बिलाल अहमद, महमूद रज़ा, कसीमुद्दीन, मोहम्मद आबिद, मोहम्मद तैय्यब, मोहम्मद महताब, मोईन खान, अजमल खान, वसीम, तल्हा, फरमान आदि मौजूद रहे।


## आवश्यकता है

हल्दौर स्थित गारमेंट फैक्ट्री के लिए कुशल लेयर कटिंग मास्टर एंव कुशल महिला ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है। संपर्क करें-

9319823965
8191819148



धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )
कोई भी Knee Cap
( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

## गोयल मेडिकल स्टोर

नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**





